


MPHIN/2021/83938

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 127 | ग्वालियर,17 जनवरी बुधवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश के वीरभद्र मंदिर में की पूजा, रंगनाथ रामायण की चौपाइयां भी सुनीं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिण भारत के दो दिनों के दौरे पर हैं. इस दौरान वो मंगलवार (16 जनवरी) को आंध्र प्रदेश के लेपाक्षी में वीरभद्र मंदिर पहुंचे और पूजा पाठ किया. साथ ही पीएम मोदी ने तेलुगु भाषा में रंगनाथ रामायण की चौपाइयां भी सुनीं.इससे पहले उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बात की जानकारी देते हुए कहा, ÷अगले दो दिनों में मैं आंध्र प्रदेश और केरल के लोगों के बीच रहूंगा. आज 16 जनवरी को मुझे वीरभद्र मंदिर, लेपाक्षी में प्रार्थना करने का अवसर मिलेगा. मैं रंगनाथ रामायण के छंद भी सुनूंगा, जो तेलुगु में है. इसके बाद, मैं राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी के नए परिसर का उद्घाटन करूंगा.÷उन्होंने केरल दौरे के बारे में जानकारी देते हुए कहा, ÷17 तारीख को मैं गुरुवयूर मंदिर, त्रिप्रयार श्री रामास्वामी मंदिर में प्रार्थना करूंगा और कोच्चि में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करूंगा जहां प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा.÷


**वीरभद्र मंदिर के बारे में**–वीरभद्र मंदिर भारत के आंध्र प्रदेश राज्य के लेपाक्षी में स्थित एक हिंदू मंदिर है. यह मंदिर भगवान शिव के उग्र अवतार वीरभद्र को समर्पित है. 16वीं शताब्दी में निर्मित मंदिर की वास्तुशिल्प विशेषताएं विजयनगर शैली में हैं, जिसमें मंदिर की लगभग हर सतह पर प्रचुर मात्रा में नक्काशी और पेंटिंग हैं.

**साउथ इंडिया बीजेपी के महत्वपूर्ण**–लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) साउथ इंडिया पर खासा फोकस कर रही है. उत्तर भारत में अपनी मजबूती पेश करने के बाद बीजेपी दक्षिण भारत में भी पैर जमाने की कोशिश में लगी है. इसी वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार साउथ का दौरा कर रहे हैं. हाल ही में पीएम मोदी को पोंगल का त्योहार मानाते हुए देखा गया था और इससे पहले उन्होंने केरल के लोगों के बीच क्रिसमस भी मनाया था.

## इंदौर में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा की धूम! शिलान्यास के दिन मनाई जाएगी राम दिवाली, 11 हजार दीपकों से जगमगाएंगे बाजार

अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा वाले दिन मध्य प्रदेश के इंदौर में राम दिवाली मनाई जाएगी. शहर के 56 दुकान स्थित व्यापारी एसोसिएशन ने फैसला किया है कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के मौके पर शहर के 56 दुकान बाजार में उत्सव मनाया जाएगा. तीन दिवसीय उत्सव के दौरान यहां पर श्री राम से जुड़े प्रसंग को याद किया जाएगा. इस दौरान कबीर भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, तो नासिक की ढोल-ताशा टीम प्राण-प्रतिष्ठा वाले दिन ढोल भी बजाएगी.

इंदौर महापौर के आह्वान पर शहर के व्यापारियों ने अयोध्या राम मंदिर और उससे जुड़े प्रसंगों को राम दिवाली के तौर पर मनाने का फैसला लिया है. इसी फैसले के तहत इंदौर के 56 दुकान व्यापारी एसोसिएशन ने भी तीन दिवसीय राम दिवाली मनाने का फैसला किया है. जानकारी देते हुए 56 दुकान व्यापारी एसोसिएशन के गुंजन शर्मा ने बताया कि 56 दुकान



बाजार में तीन दिवसीय उत्सव में राम और कबीर भजन संध्या का आयोजन होगा.

**बाजार में 11 हजार दीपक लगाए जाएंगे**–उन्होंने आगे कहा कि 20 जनवरी को राम भजन होगा. वहीं दूसरे दिन 21 जनवरी को यहां पर कबीर के कार्यक्रम होंगे. जबकि तीसरे दिन सुबह नासिक से ढोल पार्टी आकर यहां पर अयोध्या में राम भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा के समय ढोल और नगा? बजाएगी. वहीं शाम को एसोसिएशन की और से 11 हजार दीपक बाजार में लगाए जाएंगे. इस दौरान पूरा बाजार भगवामय होगा. यह हमारे लिए दिवाली से बड़ा त्योहार होगा और हम इसे राम दिवाली के नाम से पुकारेंगे और मनाएंगे.

**तीन दिवसीय होगा उत्सव**–महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि मेरे आग्रह को 56 व्यापारिक संघ ने भक्ति भाव से स्वीकार किया है. भगवान राम के अवध आने के उत्सव में भी इंदौर नंबर वन ही होगा. यहां बाजार में मंदिर की प्रतिकृति लगाई है और तीन दिवसीय यहां उत्सव होगा. उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम के मंदिर की प्रतिकृति 56 बाजार में बनकर तैयार है और इस आग्रह को सभी लोग भाव से स्वीकार कर रहे हैं. इंदौर के मॉल में भी राम मंदिर की प्रतिकृति बनने लगी है, दीपक लगने लगे हैं. प्रभु श्री राम के अवध आने की तैयारी लगभग पूरी हो गई है. इंदौर की जनता का अभिनंदन करता हूं कि मुझे लगता है स्वच्छता के साथ-साथ प्रभु श्री राम के आगमन का उत्सव मनाने में भी इंदौर नंबर वन होगा.

## एक नजर

### ज्ञानवापी के वजूखाने की होगी सफाई: हिंदू पक्ष की मांग पर मंजूरी दे एससी ने कहा- डीएम की देखरेख में हो काम

उत्तर प्रदेश (यूपी) के वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर में वजूखाने की




सफाई की जाएगी. मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए मंजूरी दे दी. टॉप कोर्ट ने हिंदू पक्ष की मांग पर यह आदेश दिया और कहा कि वहां पर साफ-सफाई का काम जिलाधिकारी (डीएम) की देखरेख में किया जाए. सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में मंगलवार को मामले की सुनवाई हुई. 3 जनवरी को याचिका पर उन्होंने जल्द सुनवाई का भरोसा दिया था. वजूखाना में मछलियों के मर जाने के बाद यह याचिका दाखलि की गई थी.

**भावनाएं आहत होने का किया गया था दावा**–हिंदू पक्ष ने अपनी याचिका में कहा कि वजूखाने की मछलियों की मौत 12 से 25 दिसंबर, 2023 के बीच हुई है. इस वजह से बदबू आना शुरू हो गया है. याचिका में आगे कहा गया, वहां मौजूद ÷शिवलिंग÷ हिंदुओं के लिए बहुत पवित्र है. इसलिए उसे किसी भी तरह की धूल, गंदगी और मरे हुए जानवरों से दूर रखना चाहिए. उसकी सफाई होनी चाहिए. मगर अभी वह मरी हुई मछलियों से घिरा हुआ है, जिसकी वजह से भगवान शिव को मानने वाले भक्तों की भावनाएं आहत हो रही हैं.यह याचिका अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन के जरिए सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई है. याचिका में कहा गया था कि वहां पर प्रबंधन की जिम्मेदारी अंजुमन इंटेजामिया मस्जिद के पास है जो ज्ञानवापी परिसर में मस्जिद का प्रबंधन करती है. इसी लिए मछलियों के मारे जाने के लिए वो ही जिम्मेदार हैं. इसलिए वहां साफ करने के लिए जिलाधिकारी को दिशा निर्देश की मांग की गई थी.

**क्या है मामला**–आपको बता दें कि 'वजुखाना' के क्षेत्र को 2022 में सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश पर सील कर दिया गया था. यहां 'शिवलिंग' के आकार का पत्थर मिला था, जिसके बाद सील करने का आदेश दिया गया है. 16 मई 2022 को, काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में स्थित मस्जिद में एक अदालत के आदेश पर सर्वेक्षण के दौरान, इस संरचना को हिंदू पक्ष द्वारा 'शिवलिंग' और मुस्लिम पक्ष द्वारा 'फव्वारा' होने का दावा किया गया था

### रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा शुभ मुहूर्त में, हिंदुओं को गुमराह कर रहे कुछ लोग- बोले शंकराचार्य अधोक्षजानंद




पूर्वाम्नाय गोवर्धन मठ पुरी के शंकराचार्य अधोक्षजानंद देवतीर्थ ने कहा है कि प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम बिल्कुल शुभ मुहूर्त में हो रहा है. कुछ लोग महज निजी स्वार्थ के लिए हिंदू समाज को गुमराह करने के प्रयास कर रहे हैं. सोमवार (15 जनवरी, 2024) को ये बातें बिना किसी का नाम लिए उन्होंने नॉर्थ ईस्ट के सूबे असम में कहीं. वहां के डिब्रूगढ़ में पत्रकारों से वह बोले कि मंदिर के गर्भगृह का निर्माण पूरा हो जाने के बाद प्राण-प्रतिष्ठा में कोई बाधा नहीं है.

अधोक्षजानंद देवतीर्थ के मुताबिक, जब मुख्य पूजास्थल र्भगृह का निर्माण पूरा हो गया है तो यह कहना गलत है कि मंदिर का निर्माण अधूरा है. 550 साल के संघर्ष के बाद उस स्थान पर भव्य मंदिर बनकर तैयार हो रहा है, वहां भगवान फिर से विराजमान होंगे और यह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है. रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा बहुत शुभ समय पर हो रही है और शास्त्रों के अनुसार भी यह सर्वोत्तम समय है.शंकराचार्य ने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी जमकर सराहना की. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की ओर से अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन करने का महत्व है और इसे पर कोई विवाद नहीं होना चाहिए. वह महान योगी हैं जो मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा कर सकते हैं. गुजरात से ताल्लुक रखने वाले नरेंद्र मोदी पहले ऐसे पीएम हैं जिन्हें हिंदू पहचान पर गर्व है. नाम जपें, दीप जलाए पूर्वाम्नाय गोवर्धन मठ पुरी के शंकराचार्य ने यह भी कहा कि सभी को इस ऐतिहासिक अवसर (रामलला की प्राण प्रतिष्ठा) का गवाह बनना चाहिए.

## राम मंदिर पर राहुल गांधी के बयान को लेकर बीजेपी का पलटवार, क्या कुछ बोले राजीव चंद्रशेखर?

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर दिए बयान पर बीजेपी ने पलटवार किया है.




केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने मंगलवार (16 जनवरी) को कहा कि भारत के लोग काफी समझदार हैं और वे राहुल गांधी की राजनीति को समझते हैं. उन्होंने कहा, ÷मेरी राय में, राहुल गांधी इसीला-ला दुनिया में रहते हैं. भारत के लोग काफी समझदार हैं. वे राहुल गांधी की राजनीति को समझते हैं और हम यह फैसला भारत की जनता पर छोड़ेंगे कि उन्हें राहुल गांधी को क्या जवाब देना चाहिए.॥ ने आगे कहा, ÷राहुल गांधी कुछ भी सोचें उससे फर्क नहीं पड़ता, कुछ समय पहले उनके गुरु ने भी ऐसे ही बातें कहीं थीं लेकिन हमारे लिए यह आस्था से जुड़ा है, राहुल गांधी और कांग्रेस को राम मंदिर के लिए सोचने दीजिए, क्या सोच रहे हैं.÷

**राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर राहुल गांधी ने क्या कहा**– नगालैंड में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, ÷आरएसएस और बीजेपी ने 22 जनवरी के समारोह को पूरी तरह से राजनीतिक नरेंद्र मोदी समारोह बना दिया है. यह आरएसएस-बीजेपी का समारोह है और मुझे लगता है कि इसीलिए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वह समारोह में नहीं जाएंगे. हम सभी धर्मों और सभी प्रथाओं के लिए खुले हैं.उन्होंने आगे कहा, ÷यहां तक कि हिंदू धर्म के सबसे बड़े विद्वानों ने भी 22 जनवरी के समारोह के बारे में अपनी राय सार्वजनिक कर दी है कि वे इस समारोह के बारे में क्या सोचते हैं. यह एक राजनीतिक समारोह है. इसलिए हमारे लिए ऐसे राजनीतिक समारोह में जाना मुश्किल है जो भारत के प्रधानमंत्री के और आरएसएस के आसपास बनाया गया है.÷

## मथुरा शाही ईदगाह के सर्वे पर सुप्रीम कोर्ट की रोक, हाईकोर्ट से मस्जिद पक्ष की याचिका सुनने को कहा




उत्तर प्रदेश के मथुरा में शाही मस्जिद (विवादित परिसर) के सर्वे के आदेश पर मंगलवार (16 जनवरी, 2024) को सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है. मामले की सुनवाई के दौरान टॉप कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट याचिकाओं के सुनवाई योग्य होने के खिलाफ मस्जिद पक्ष की याचिका को सुने.इससे पहले, सर्वे से जुड़ा आदेश इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दिया था, जबकि शाही ईदगाह कमेटी ने मथुरा की जिला अदालत से सभी मामले हाईकोर्ट ट्रांसफर किए जाने का विरोध किया है. 23 जनवरी, 2024 को अब इस मसले पर अगली सुनवाई होगी.

**क्या था इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला**–बता दें कि मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर केस में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 14 दिसंबर 2023 को फैसला सुनाया था. तब हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद परशाही ईदगाह मस्जिद के विवादित स्थल पर सर्वे को मंजूरी दी थी. कोर्ट ने विवादित जमीन का सर्वे एडवोकेट कमिश्नर के जरिए कराए जाने की मांग को भी मंजूरी दे दी थी. कोर्ट ने अपने फैसले में ज्ञानवापी विवाद की तर्ज पर मथुरा के विवादित परिसर का भी सर्वे एडवोकेट कमिश्नर के जरिए कराए जाने का आदेश दिया था.

**किसने दायर की थी हाईकोर्ट में याचिका**–यह याचिका भगवान श्री कृष्ण विराजमान और सात अन्य लोगों द्वारा अधिवक्ता हरिशंकर जैन, विष्णु शंकर जैन, प्रभाष पांडेय और देवकी नंदन के जरिए दायर की गई थी. जिसमें दावा किया गया है कि भगवान कृष्ण की जन्मस्थली उस मस्जिद के नीचे मौजूद है और ऐसे कई संकेत हैं जो यह साबित करते हैं कि वह मस्जिद एक हिंदू मंदिर है.

**याचिका में क्या था दावा**–हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन के अनुसार हाईकोर्ट में दायर याचिका में दावा किया गया था कि वहां कमल के आकार का एक स्तंभ है जोकि हिंदू मंदिरों की एक विशेषता है और शेषनाग की एक प्रतिकृति है जो हिंदू देवताओं में से एक हैं और जिन्होंने जन्म की रात भगवान कृष्ण की रक्षा की थी.

## कोहरे ने ढंक लिया आसमान, ठंड की चपेट में उत्तर भारत, 30 उड़ानें लेट, ट्रेनों की भी थमी रफ्तार

पूरा उत्तर भारत शीतलहर और कोहरे की चपेट में है. कंपकपाती ठंड से जहां लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं तो वहीं कोहरे की वजह से हवाई उड़ान और ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो रहा है. मंगलवार (16 जनवरी) को कोहरे की वजह से दिल्ली एयरपोर्ट से 30 फ्लाइट देरी से उड़ीं, जबकि 17 उड़ानें रद्द कर दी गईं.भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, शहर के पालम और सफदरजंग हवाई अड्डों पर सुबह 500 मीटर तक विजिबिलिटी दर्ज की गई. न्यूज




एजेंसी एएनआई ने एयरपोर्ट अथॉरिटी के हवाले से बताया कि दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से प्रस्थान करने वाली लगभग 30 उड़ानों में देरी हुई और 17 रद्द कर दी गई.मंगलवार को न सिर्फ दिल्ली एयरपोर्ट बल्कि देश के अलग-अलग हवाई अड्डों पर भी विजिबिलिटी बहुत कम रही. वाराणसी ए?रपोर्ट पर 0 मीटर, आगरा एयरपोर्ट पर 0 मीटर, ग्वालियर एयरपोर्ट पर 0 मीटर, जम्मू एयरपोर्ट पर 0 मीटर, पठानकोट एयरपोर्ट पर 0मीटर, चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर 0 मीटर, गया एयरपोर्ट पर 20 मीटर, प्रयागराज एयरपोर्ट पर 50 मीटर, तेजपुर एयरपोर्ट पर 50 मीटर, अगरतला एयरपोर्ट पर 100 मीटर, विजयवाड़ा एयरपोर्ट पर 100 मीटर और बागडोगरा एयरपोर्ट पर 100 मीटर की विजिबिलिटी दर्ज की गई

## 'पीएम मोदी बोले, आजकल पूरा देश राममय, रामराज्य में जनता ही राजा




राम मंदिर उद्घाटन को लेकर जारी तैयारियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार (16 जनवरी) को आंध्र प्रदेश में कहा कि आजकल पूरा देश राममय है. महात्मा गांधी भी रामराज्य की बात करते थे. पीएम मोदी ने कहा, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से 11 दिन पूर्व मेरा व्रत चल रहा है. आजकल पूरा देश राममय है. प्रभु राम का जीवन विस्तार, उनकी प्रेरणा और आस्था भक्ति के दायरे से कहीं ज्यादा है. प्रभु राम समाज जीवन में सुशासन के ऐसे प्रतीक हैं जो आपके संस्थान के लिए भी बहुत बड़ी प्रेरणा बन सकते हैं.उन्होंने राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी का उद्घाटन करने के बाद कहा,भगवान राम भरत से कहते हैं कि मुझे विश्वास है तुम कामों को बिना समय गंवाए पूरा करते हो जिसमें लागत कम है. पिछले कई सालों में हमारे सरकार ने लागत पर ध्यान दिया है.

## प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने पीएम मोदी से की मुलाकात, कहा- थैंक्यू सर, प्रधानमंत्री ने भी दिए रिएक्शन



पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सोमवार (15 जनवरी) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. इसके बाद शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि वह हमेशा की तरह मेरे प्रति दयालु थे और बाबा (प्रणब मुखर्जी) के लिए उनका सम्मान कम नहीं हुआ है.इसके बाद पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, शर्मिष्ठा आपसे मिलकर और प्रणब बाबू (प्रणब मुखर्जी) के साथ यादगार बातचीत को याद करके हमेशा खुशी होती है. उनकी महानता और बुद्धिमत्ता आपकी पुस्तक में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है.इसके बाद शर्मिष्ठा मुखर्जी ने एक्स पर लिखा, बहुत बहुत धन्यवाद सर. आभारी हूं कि व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद आपने मिलने के लिए समय निकाला. आपके और बाबा के बीच आपसी सम्मान और स्नेह के वास्तविक बंधन को दर्शाते हुए किस्से साझा किए. मेरा हार्दिक अभिनंदन.शर्मिष्ठा मुखर्जी ने पीएम मोदी से मुलाकात कर उन्हें अपनी किताब 'प्रणब माई फादर: ए डॉटर रिमेम्बर्स' की एक प्रति भेंट की. इसकी उन्होंने फोटो भी शेयर की.

**शर्मिष्ठा मुखर्जी ने किताब में क्या कहा है**–पिछले दिनों शर्मिष्ठा मुखर्जी ने बताया था उनके पिता कहा करते थे कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में उनका कार्यकाल उनके राजनीतिक जीवन का 'स्वर्णिम दौर' था. उन्होंने यह भी कहा था कि उनके पिता को लगता था कि 'किसी के आगे न झुकने' के रवैये के कारण उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया था. शर्मिष्ठा मुखर्जी ने साथ ही किताब में दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बारे में उनके पिता ने कहा था कि वो सवाल तो काफी ज्यादा करते हैं, लेकिन उनमें परिपक्वता की कमी है. इसको लेकर कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा था कि शायद कही (बीजेपी) में जाने की तैयारी है.

## सीएम मोहन यादव की पहल पर एमपी के थानों की होगी सफाई, प्राण प्रतिष्ठा से पहले शुरू होगा

अयोध्य स्थित राम मंदिर में रालला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं. 22 जनवरी को होने वाले इस समारोह के लिए पूरे देश में उत्साह का माहौल है. माहौल को राममय बनाने के लिए विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल सहित भारतीय जनता पार्टी प्रयासरत हैं. एक दिन पहले मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव सहित अन्य मंत्री, सांसद, विधायकों ने मंदिरों में साफ सफाई का अभियान चलाया है. अब इस अभियान में प्रदेश की पुलिस भी जुड़ने जा रही है. इसके तहत गुरुवार (18 जनवरी) को प्रदेश के सभी थानों और चौकियों में साफ सफाई अभियान चलाया जाएगा. थानों में साफ सफाई अभियान चलाए जाने को लेकर बाकायदा पुलिस मुख्यालय से निर्देश जारी किए गए हैं. इन निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि अयोध्या में होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोक को देखते हुए आने वाले 18 जनवरी को प्रदेश



के सभी थानों और चौकियों में साफ सफाई की जाए. साफ सफाई के इस अभियान में पुलिस के बड़े अफसर शामिल रहेंगे.

**सुबह 9.30 बजे चलेगा सफाई अभियान**–इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (योजना) विवेक शर्मा द्वारा जारी किए गए आदेश में बताया कि 18 जनवरी को सुबह 9.30 बजे प्रदेश की सभी पुलिस इकाईयों में एक विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा. जिसमें सभी कार्यालय भवनों, थानों, चौकियों, पुलिस लाईनों, कंपनी, बटालियन मुख्यालयों की साफ सफाई कराई जाएगी. सफाई अभियान में जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, रेंज उप पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक, सेनानी, जिले, इकाईयों के सभी राजपत्रित अधिकारी, सभी थाना, चौकी प्रभारी और कंपनी प्रभारी शामिल रहेंगे. इस अभियान के दौरान कार्यालयों में फाईलों, रिकार्ड और थानों के मालखानों में मुद्देमाल, शासकीय संपत्ति का व्यवस्थित रूप से रखा जाना है. इसके अलावा आवासीय परिसर, इकाई, थाने, कंपनी, बटालियन की मेस और अस्पताल में भी विशेष रूप से सफाई कराई जाए.

# शेठ एम.एन.हाईस्कूलमें चल रहे तीन दिवसीय विद्यालय खेल महोत्सव का समापन समारोह आयोजित किया गया

**इंटरस्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में हायर सेकेंडरी डिवीजन में कक्षा 12-ए को हराकर पार्थ सोनी की कप्तानी में 11-ए चैंपियन।**





**कर्म पटेल के नेतृत्व में 9-ए चैंपियन बनने के लिए माध्यमिक डिवीजन में कक्षा 10-सी को हराया।**

**आइए शरीर को स्वस्थ रखते हुए सर्वांगीण विकासके लिए छात्र जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेल भी लाएं - रो.डॉ.बाबूभाई प्रजापति**

**खिलाड़ियों के उत्साह को देखकर मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं - महेंद्रभाई पटेल**

**ब्यूरो रीपोर्ट दैनिक पुष्पांजली टुडे**

पाटन/गुजरात। उत्तर गुजरात युवक मंडल द्वारा संचालित शेठ एम.एन हाईस्कूल के उपाध्यक्ष श्री महेंद्रभाई पटेल,डॉ. बाबूभाई प्रजापति, बोर्ड के प्रशासनिक अधिकारी श्री दिनेशभाई पटेल, हमारी सहयोगी संस्था एन.जी. प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री वसंतभाई पटेल ने खेल महोत्सव-2024 के समापन कार्यक्रम में उपस्थित होकर विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना की। शेठ एम.एन हाईस्कूल में चल रहे तीन दिवसीय खेल महोत्सव में 900 से अधिक बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया. उस कार्यक्रम को आज अंतिम रूप दिया गया. आज के समापन समारोह कार्यक्रम में रोटेरियन डॉ. बाबूभाई प्रजापति द्वारा विजेता प्रतियोगियों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के खेल आयोजित किए गए, जैसे स्लो साइकिल, लेमन स्पून, 700 मीटर दौड़, शॉट पुट, सैक रन, ट्राइसाइकिल रन, म्यूजिक चेयर, रस्साकशी और इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट।सबसे पहले स्कूल के प्रधानाचार्य ने अतिथियों का स्वागत किया और विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. बाबूभाई प्रजापति ने छात्रों को दिल छू लेने वाला भाषण दिया और उन्हें सीख दीआइए शरीर को स्वस्थ रखते हुए सर्वांगीण विकास के लिए विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेल भी लाएँ।कार्यक्रम के अध्यक्ष और उत्तर गुजरात युवक मंडल के उपाध्यक्ष और जाने-माने वकील महेंद्रभाई पटेल ने अपने अध्यक्षीय भाषण में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रिंसिपल, शिक्षकों और विजेता छात्रों को बधाई दी... उन्होंने अपने भाषण में कहा भाषण कि %%खिलाड़ियों का उत्साह देखकर मैं अपना उत्साह प्रकट करता हूं। कर्म पटेल के नेतृत्व में 9-ए 2024 10/सी को हराकर चैंपियन टीम बनी और माध्यमिक सेक्शन में 10/सी उपविजेता रही, जिसमें शौर्य पटेल को मैन ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया। सेकेंडरी डिवीजन लीग मैचों में मैन ऑफ द मैच शौर्य पटेल, सुमित पटानी, वत्सल विंजुवा, अल्पेश, कर्म पटेल, भव्य पटेल को घोषित किया गया। फाइनल मैच में 9-ए टीम के कप्तान कर्म पटेल को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।हायर सेकेंडरी डिवीजन में 12-ए को करारी शिकस्त देकर 11-ए टीम 2024 की चैंपियन टीम बनी और 12-ए को टूर्नामेंट की उपविजेता टीम घोषित किया गया। जिसमें पूरे टूर्नामेंट में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मान ठक्कर को मैन ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया। जब लीग मैच में डिविजन में मैन ऑफ द मैच रहे। ध्रुमिल रबारी, मन ठक्कर, अर्पित अधिक रहे और फाइनल में शानदार गेंदबाजी के कारण ध्रुमिल रबारी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। गेम्स 2024 के संयोजक नरेशभाई पटेल, संजयभाई पटेल और डॉ. अल्पेशभाई पटेल द्वारा खेलों का सुंदर आयोजन किया गया। स्कूल के शिक्षक बच्चों को लगातार मार्गदर्शन, समर्थन और प्रोत्साहन दे रहे थे जिसके कारण बच्चे भी बड़े आनंद के साथ इन खेलों में शामिल हुए। अंत में विजेता टीम और खिलाड़ियों को स्कूल फैकल्टी और स्कूल प्रिंसिपल धनराजभाई ठक्कर द्वारा मौखिक रूप से प्रोत्साहित और सम्मानित किया गया और विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अंत में खेल महोत्सव के समापन के बाद बच्चों ने प्रतियोगिता में अपने अनुभवों को अपनी भाषा में बताया। इस प्रकार विद्यालय खेल महोत्सव सम्पन्न घोषित किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के सहायक अध्यापक भाई श्री विरमजी ठाकोर द्वारा किया गया।

# अखिल भारतीय सिर्वी महासभा मध्यप्रदेश के तत्वावधान में बालीपुर धाम में रविवार को समाज का प्रान्तीय सम्मेलन सम्पन्न हुआ

**दैनिक पुष्पांजली टुडे - रिपोर्टर खंगारराम मुलेवा**

धर्म गुरु दीवान माधवसिंह जी एवं संत श्री योगेश जी महाराज के सानिध्य में समाज की प्रतिभाओं का हुआ सम्मान सिर्वी समाज की प्रथम सामाजिक जनगणना पुस्तिका और एप का अतिथियों के कर कमलों से हुआ विमोचन,सम्मेलन में समयानुसार समाजिक बदलाव पर हुआ महत्वपूर्ण निर्णय,बालीपुर/मनावर/मध्यप्रदेश।अखिल भारतीय सिर्वी महासभा मध्य प्रदेश






के तत्वावधान में 14 जनवरी रविवार को बालीपुर धाम में सिर्वी समाज का प्रांतीय स्तरीय सम्मेलन का आयोजन समाज के धर्मगुरु दीवान माधवसिंह जी राठौर बिलाड़ा एवं श्री धाम बालीपुर के संत योगेश जी महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। मंचासीन धर्म गुरु दीवान साहब,संत श्री यो

# माँ बाप गुजर गए - भाजपा नेता ने अनाथ बेटी को संकल्प यात्रा में बुलाकर बाल संरक्षण योजना से कराया लाभान्वित

**अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज।**विकसित भारत संकल्प यात्रा कि दूसरे दिन का नगरी कार्यक्रम मंगलवार को स्थानीय बस स्टैंड पर आयोजित किया गया इस आयोजन में प्रशासन द्वारा विभागवार लगाए गए विभिन्न स्टालों पर सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए हितग्राहियों ने अपने आवेदन जमा किए। सबसे ज्यादा भी? स्वास्थ्य विभाग के काउंटर पर देखी गई यहाँ अस्पताल प्रबंधन द्वारा शुगर बीपी सहित सामान्य रोगों का परीक्षण कर निशुल्क दवाओं का वितरण किया जा रहा था। इस मौके पर वार्ड 02 में रहने वाली 10 वर्ष की अनाथ तमन्ना प्रजापति ने अपने रिश्तेदार ओर पार्षद प्रतिनिधि सचिन शर्मा के साथ आकर शिविर में सहायता के लिए आवेदन दिया जिस पर कार्यवाही करते महिला बाल विकास की सुपर वायजर ने मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना से इस बिटिया को लाभ दिलाने के लिए मौके पर ही फार्म भरवाकर जमा कराया। उल्लेखनीय है कि विगत दो वर्षों में अलग अलग घटनाक्रमों में तमन्ना के माता पिता और



भाई का निधन हो गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री मोहन यादव और आप सबके चुने हुए विधायक उमाकांत शर्मा जनकल्याणकारी योजनाओं का पारदर्शिता से पालन करवाने में विश्वास रखते है। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ यह नगरीय क्षेत्र के परिवारों को योजनाओं का लाभ मिले इसलिए यह यात्रा आयोजित की गई है। कार्यक्रम के समापन पर मंचासीन भाजपा नेताओं ने संकल्प यात्रा में शामिल होने आए महिला पुरुषों का पुष्पवर्षा कर स्वागत सम्मान भी किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता सचिन शर्मा ने एवं आभार नपाध्यक्ष मनमोहन साहू ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपा जन भागीदारी के अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव पारस तारण , नपा अध्यक्ष मनमोहन साहू , उपाध्यक्ष मनोज साईंनाथ,हरिबाबू भार्गव,बलजीत यादव,राजा मियॉं,मुनीम गौरी, तहसीलदार संजय चौरसिया, सीएमओ रामप्रकाश साहू,सीएम राइज विद्यालय के प्राचार्य महेश ताम्रकार आदि के साथ विभिन्न विभागों सहित नपा प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**प्रतिभाओं का किया सम्मान- उज्ज्वला के बांटे चूल्हे-**कार्यक्रम के दौरान नेशनल स्तर पर खेलने वाले खिला?ी छात्रों संस्कृति सुमन,शिवम भास्कर, दीक्षा शर्मा, नीतेश कनेरिया, मो.खुर्रम को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । इसी तरह शहरी आजीविका मिशन योजना में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली हितग्राही महिलाओं को प्रमाण पत्र,आंगनबा?ी के स्वस्थ बालिकाओं को प्रोत्साहन उपहार, पीएम स्वनिधि योजना के स्वीकृति पत्रक तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से हितग्राही को गैस चूल्हा भी वितरित किया गया।

# आज मौ नगर में पब्लिक चिल्ड्रन कान्वेंट स्कूल मौ द्वारा निकली गई प्रभात रैली और प्रभु रामचंद्र जयकारे लगाए गए





**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ बेताल सिंह गौड़**

आज मौ नगर में प्राइवेट पब्लिक चिल्ड्रन कान्वेंट स्कूल मौ मैं बच्चों सहित सभी टीचरों द्वारा प्रभात रैली निकाली गई 22 जनवरी को भगवान रामचंद्र की प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन के उपलक्ष में आज मौ नगर में कई स्कूलों द्वारा इसी प्रकार की प्रभात फेरी निकाली जा रही है जिसमें भगवान प्रभु रामचंद्र के जयकारे लगाए गये

# भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता अभियान से प्रारंभ हुई

## सीईओ जिला पंचायत इच्छित गढपाले ने स्वच्छता अभियान में किया श्रमदान

केशव पंडित जी अम्बाह मुरैना 16 जनवरी 2024/भगवान श्री राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरूआत मुरैना जिले में स्वच्छता अभियान से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत डॉ. इच्छित ग?पाले द्वारा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित ग?पाले, जिला परियोजना प्रबंधक श्री दिनेश सिंह तोमर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पोरसा श्री देवेन्द्र जैन, उपस्थिति में मंगलवार को ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का आयोजन जनपद पंचायत पोरसा की ग्राम पंचायत अधनपुर में किया गया। यह कार्यक्रम श्री सतेन्द्र उर्फ कक्का, सरपंच, अन्य विभागों की उपस्थिति में किया गया। सर्व प्रथम रूअर में शहीद स्मारक पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने स्वच्छता अभियान एवं माल्यार्पण कर शहीद को नमन किया। शासन से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी विभागों द्वारा हितग्राहियों को दी गई। आजीविका मिशन



की दीदियों ने ''मेरी जुबानी-मेरी कहानी'' के अंतर्गत श्रीमती अर्चना, ममता ने अपने बारे में बताया। उपस्थित अधिकारियों ने किसानों को जैविक खेती से संबंधित जानकारी दी। ड्रोन के माध्यम से किसान भाईयों को कम लागत में उचित कीट नियंत्रण की जानकारी प्रदान की गई। सायबर क्राइम से कैसे बच सकते है, कि विस्तार से जानकारी प्रदान की। नई चेतना अभियान के तहत लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ जागरूकता अभियान कार्यक्रम किया गया, शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में समूह की दीदी एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।शहीद को नमन कर पुष्पाजंलि अर्पित कर श्रमदान का किया शुभारंभ भगबान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में शहीद हवलदार विवेक सिंह के स्मारक पर स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को संदेश दिया। सभी मंदिरों व सार्वजनिक शासकीय स्थलों पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर साफ-सफाई की। ताकि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सभी सामाजिक जन जागरूकता के कार्यक्रम संचालित हो सकें।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्याएं,जनसुनवाई में 66 आवेदकों ने दिया आवेदन

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में आज 16 जनवरी को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने अन्य अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोहपर 02 बजे तक किसी भी मीटिंग या क्षेत्र भ्रमण का कार्यक्रम न रखें। बल्कि इस अवधि में केवल जनसुनवाई के आवेदन प्राप्त करें। जिससे



आमजन को अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देने में किसी तरह की परेशानी न हो। जनसुनवाई में बिस्टान नाका खरगोन निवासी त्रिलोक सिंह अपनी बीमारी के उपचार के लिए मदद की गुहार लेकर आए थे। त्रिलोक सिंह का कहना था कि उसके द्वारा ग्राम उमरखली में बंगाली डॉक्टर से इलाज कराया जा रहा है और उस पर बहुत सारा कर्ज हो गया है। जिसके कारण उसकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। इस पर कलेक्टर ने त्रिलोक सिंह से कहा कि वे शासकीय अस्पताल में अपना उपचार कराएं, वहां पर निःशुल्क इलाज होगा। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि झोला छाप एवं फर्जी डॉक्टर्स के विरूद्ध कार्यवाही करें।

जनसुनवाई में भगवानपुरा तहसील के ग्राम अम्बा निवासी उमेश सोलंकी शिकायत लेकर आये थे कि उनकी माता की मृत्यु 26 अक्टूबर 2023 को हो गई है। ग्राम पंचायत के सचिव बद्री प्रसाद मुजाल्दे एवं रोजगार सहायक गीता मोरे द्वारा संबल योजना में उनके बारे में गलत जानकारी दर्ज करने से उन्हें संबल योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इस पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत भगवानपुरा के सीईओ को प्रकरण की जांच करने के निर्देश दिए हैं।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत कॉलेज के विद्यार्थियों के बनाये लायसेंस



**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

16 जनवरी 2024 को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन में प्राचार्य डॉ. आरएस देवड़ा के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत कॉलेज के विद्यार्थियों के लर्निंग लायसेंस बनाएं गए। लर्निंग लायसेंस बनाने के लिए विद्यार्थियों को श्री अमजद बेग मिर्जा और श्री पटेल ने प्रशिक्षित किया। इस अवसर का महाविद्यालय के 150 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन वेबसाइट पर जाकर अपने लायसेंस बनवाये।

# अवैध मदिरा विक्रेताओं के विरुद्ध आबकारी विभाग की लगातार कार्यवाही जारी,

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**02.60 लाख रुपए की अवैध मदिरा जप्त, 04 आरोपी गिरफ्तार**

कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के आदेश तथा सहायक आबकारी आयुक्त श्री अभिषेक तिवारी के निर्देशन में कसरावद वृत द्वारा आज 16 जनवरी को सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री बसंत भीटे के नेतृत्व में अवैध मदिरा विक्रेताओं के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही में आबकारी दल ने वृत कसरावद के ग्राम साडली, सारकूर, तथा बलखड़ में दबिश देकर वृत प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश मालवीय द्वारा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबध्द कर, 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।आबकारी दल ने इन स्थानों से 60 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त की है तथा 2500 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया है। जप्त महुआ लहान का सेम्पल लेकर, शेष लहान नष्ट किया गया। जप्त मदिरा का बाजार मूल्य लगभग 2 लाख 60 हजार रुपए है। इस कार्यवाही में आबकारी आरक्षक शिवनारायण कटारे, संतोष वर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

# 17 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा 12 ग्रामों के भ्रमण पर

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

विकसित भारत संकल्प यात्रा 17 जनवरी को जिले की 12 ग्राम पंचायतों के भ्रमण पर रहेगी। भीकनगांव विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पोखरखुर्द और देवला में, भगवानपुरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत कदवाली और देवनाल्या में, झिरन्या विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बायखेड़ा और सांईखेड़ा में, महेश्वर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत जलूद (मर्दनिया) और सिटोका में, बड़वाह विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बेलमबुजुर्ग और माचलपुरखुर्द में तथा कसरावद विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बिठेर और औझरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का भ्रमण रहेगा।

# मध्यप्रदेश वित्त सेवा अधिकारी संघ का 2024 का कैलेंडर भेंट किया



**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

मध्यप्रदेश वित्त सेवा अधिकारी संघ का वर्ष 2024 का कैलेंडर आज 16 जनवरी को कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह को ड़िला कोषालय अधिकारी श्री आनंद पटले एवं श्री रितुराज सिंह चौहान, लेखाधिकारी, मप्र ग्रामीण सड़क प्राधिकरण द्वारा भेंट किया गया। उल्लेखनीय है कि मप्र वित्त सेवा अधिकारी संघ द्वारा लगातार दूसरी बार कैलेंडर का प्रकाशन किया गया है।

# लोकसभा चुनाव के लिए बनाया गया कंट्रोल रूम

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

आगामी आम लोकसभा निर्वाचन 2024 से संबंधित सूचना, समस्या, शिकायत इत्यादि प्राप्त करने एवं निर्वाचन संबंधी सूचना या जानकारी का आदान-प्रदान करने के लिए जिला स्तर पर नवीन संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के कक्ष कमांक 208 में कन्ट्रोल रूम बनाया गया है। जिसका दूरभाष कमांक 07282-233601 है। मत्स्य निरीक्षक श्री जीएल पाटीदार (मो.नं. 94254-85897) को कन्ट्रोल रूम का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

**सभी प्रकार की सुविधा आपके हांथों में पहुंचाने की गारंटी है विकसित भारत संकल्प यात्रा- डॉ मोहन यादव**

# सतना जिले के पटनाखुर्द में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुये मुख्यमंत्री








**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि गरीब विकसित भारत संकल्प यात्रा गरीब व्यक्ति के घर-घर तक शासन की योजनाओं का लाभ और सुविधाओं को पहुंचाने की गारंटी है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलाकर डबल इंजन वाली सरकार प्रदेश के विकास में नये-नये कीर्तिमान बनायेगी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मंगलवार को सतना जिले के मझगवां विकासखंड के दूरस्थ आदिवासी बाहुल्य गांव पटनाखुर्द में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ भी वितरित किये।मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि सतना जिले के चित्रकूट की इस धरती में भगवान श्रीराम ने वनवास के दारौन 11 वर्षों तक यहां निवास किया। वनवासियों को गले लगाया और माता शबरी के जूठे बेर खाकर मानवता को धन्य किया। उन्होने कहा कि यह आचरण केवल सनातन धर्म में ही मिलता है। उन्होने कहा कि वर्तमान का समय चित्रकूट, सतना और अयोध्या के लिये अलौकिक और अद्वितीय है। यहां 22 जनवरी को भगवान श्रीरामलला अपनी जन्मभूमि में विराजमान होने वाले हैं और यह पवित्र कार्य देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में होने जा रहा है। उन्होने कहा कि यह अवसर है कि सभी अपने घरो में 22 जनवरी को दीवाली मनाकर अपने उल्लास और उत्साह को आत्मसात कर जीवन को धन्य बनायेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में हितग्राहियों को सांकेतिक रुप से हितलाभ वितरित किये। उन्होने लाडली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत कुमारी कासमी और पायल को बचत प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में अभिलाषा, नीतू और शोभावती को स्वस्थ बालक प्रतियोगिता में, निशा और हरदीप सिंह को उज्जवला योजना में, सुनीता, प्रतिमा, प्रमिला को निःशुल्क गैस कनेक्शन, आजीविका मिशन में सिद्धबाबा महिला स्व-सहायता समूह और अंबेडकर स्व-सहायता समूह पिण्डरा को सीसीएल के रुप में 5-5 लाख रुपये के चेक तथा सुग्रीव सिंह को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव को कृष्णा पांडेय और क्षेत्रीय किसानों ने हल भेंट किया। मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह के रुप में राम दरबार की प्रतिकृति मूर्ति और महिला स्व-सहायता समूह द्वारा बनाये गये चित्र तथा उत्पाद भेंट किये गये। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के पूर्व विद्यालयीन छात्राओं ने मुख्यमंत्री को पुष्प भेंटकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने बालिकाओं को स्कूल बैग और अन्य उपहार भी वितरित किये। इस मौके पर नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, पूर्व राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल, विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, विधायक विक्रम सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह, पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी, स्पीकर राजेश चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा, जनपद अध्यक्ष रेणुका पटेल, कृष्णा पांडेय उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री के हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने पर स्थानीय लोक नर्तकों ने लोक नृत्य करमा से मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

## उद्धव के बाद अब कांग्रेस? एकनाथ शिंदे ने दिए बड़ी प्लानिंग के संकेत, बोले- पिक्चर बाकी है

**मुंबई।** कांग्रेस का दशकों पुराना साथ छोड़ महाराष्ट्र के दिग्गज नेता मिलिंद देवड़ा अब शिवसेना में शामिल हो चुके हैं। इस सियासी उथल पुथल के बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कांग्रेस में बड़ी फूट के संकेत दे दिए हैं। उन्होंने दावा किया है कि कई और नेता भी शिवसेना का दामन थाम सकते हैं। देवड़ा ने कांग्रेस में माहौल खराब होने की बात कही थी।

अब कांग्रेस की बारी?

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सीएम शिंदे ने रविवार को कह दिया, यह तो ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है।% इधर, दावे किए जाने लगे हैं कि अब मुंबई कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष नसीम खान भी पार्टी से नाता तोड़ सकते हैं। हालांकि, टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में खान ने साफ किया है, मैं शिवसेना में शामिल नहीं हो रहा हूं...। मैं कांग्रेस के साथ हूं और पार्टी छोड़ने की कोई सवाल नहीं है। माना जा रहा है कि देवड़ा का जाना कांग्रेस को बड़ी चोट दे सकता है। कयास लगाए जाने लगे हैं कि मुंबई कम से कम 10 पूर्व पार्षदों के साथ-साथ दक्षिण मुंबई के कई नेता शिवसेना का दामन थाम सकते हैं। ऐसा भी माना जाता है कि मुंबई कांग्रेस की कमान वर्षा गायकवाड़ के हाथ में आने के बाद से ही कांग्रेस के कुछ नेता नाखुश थे।

जब टूटी शिवसेना

20 जून 2022 को शिंदे ने तब की अविभाजित शिवसेना के कई विधायकों के साथ मिलकर पार्टी प्रमुख और तत्कालीन सीएम उद्धव ठाकरे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। इस फैसले के साथ ही राज्य में महाविकास अघाड़ी यानी तीन मुख्य पार्टियों शिवसेना-कांग्रेस-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की गठबंधन की सरकार टूट गई थी।

**उद्धव के खिलाफ बगावत पर क्या बोले शिंदे**

उन्होंने उद्धव की अगुवाई वाली एमवीए सरकार को हटाए जाने को सबसे बड़ा ऑपरेशन करार दिया था। उनका कहना है, एक इंजेक्शन का भी इस्तेमाल नहीं करना पड़ा और यह बहुत बड़ी सफलता थी। उन्होंने कहा, बीते डेढ़ सालों में मैंने कभी भी छुट्टी नहीं ली। मैं जब अपने घर गया था, तब समय बचाने के लिए हेलीकॉप्टर से गया। मैंने वहां खेत में काम किया और फोटोग्राफी में समय नहीं बिताया।%

# सेना के जांबाजों ने हर भूमिका में किया प्रभावित : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** 15 जनवरी को भारतीय सेना का 76वां सेना दिवस है। भारतीय सेना इसे राष्ट्र की अखंडता की रक्षा के अटूट संकल्प और प्रतिबद्धता के साथ मनाती है। सेना का कहना है कि इस दिन हम अपने उन बहादुर जवानों को भी याद करते हैं जिन्होंने राष्ट्र की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस अवसर पर भारतीय सेना को सेना दिवस की बधाई दी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में कहा,भारतीय सेना के वीर साथियों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को सेना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। बल के वीर एवं वीरांगनाओं के अदम्य साहस, सेवा एवं समर्पण पर राष्ट्र को गर्व है। चाहे बाहरी खतरों एवं आंतरिक चुनौतियों से दृढ़ता से निपटना हो या फिर आपदा के समय मदद का हाथ बढ़ाना हो, सेना के जांबाजों ने अपनी हर भूमिका में प्रभावित किया है। भारतीय सेना ने एक संगठनशील एवं अनुशासनप्रिय बल के रूप में विश्व में



विशिष्ट पहचान बनाई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना बदलते युग की चुनौतियों के अनुरूप खुद को ढालने को लेकर सजग है और आज देश भी सभी सुविधाओं एवं संसाधनों समेत अपने सैन्य वीरों के साथ खड़ा है। सेना दिवस के अवसर पर उन सभी वीर शहीदों को राष्ट्र की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने देश की सेवा में अपने प्राणों का

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में कहा,भारतीय सेना के वीर साथियों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को सेना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। बल के वीर एवं वीरांगनाओं के अदम्य साहस, सेवा एवं समर्पण पर राष्ट्र को गर्व है। चाहे बाहरी खतरों एवं आंतरिक चुनौतियों से दृढ़ता से निपटना हो या फिर आपदा के समय मदद का हाथ बढ़ाना हो, सेना के जांबाजों ने अपनी हर भूमिका में प्रभावित किया है।**

सर्वोच्च बलिदान दे दिया। हमारे इन जांबाज साथियों एवं इनके परिवारों के त्याग एवं तपस्या को देश नमन करता है।

प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि अमृत कालखंड में एक भव्य और विकसित भारत के निर्माण की ओर राष्ट्र तेजी से अग्रसर है। भारतीय सेना के वीर साथी देश को सुरक्षा एवं स्थिरता प्रदान करते हुए राष्ट्र निर्माण के संकल्प में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुझे विश्वास है कि सामूहिकता की शक्ति से ऊर्जित राष्ट्र प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुएगा। बल के शूरवीर अपनी सेवा, निष्ठा एवं समर्पण से मां भारती का गौरव इसी तरह बढ़ाते रहेंगे।

वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय थल सेना दिवस' की सभी बहादुर सैनिकों एवं उनके परिवारजनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। हर भारतवासी सेना के साहस, शौर्य और पराक्रम से न केवल परिचित है बल्कि उनके प्रति कृतज्ञता का भाव भी रखता है। भारतीय सेना ने सदैव देश रक्षा की है और इसके लिए अनगिनत बलिदान भी दिए हैं। सभी देशवासियों की ओर से भारतीय सेना को मेरा नमन एवं अभिनंदन।

## गंगा सागर में मकर संक्रांति पर पुण्य स्नान का शुभ मुहूर्त शुरू, उमड़ा जनसैलाब

**कोलकाता।** गंगा सागर में मकर संक्रांति पर पुण्य स्नान का शुभ मुहूर्त शुरू होते ही सोमवार सुबह जनसैलाब उमड़ पड़ा। मेला क्षेत्र तीर्थयात्रियों से खचाखच भरा हुआ है। यह वही स्थान है जहां त्रेता युग में जिस सागर तट पर स्वर्ग से उतरीं मां गंगा ने राजा सगर के साठ हजार पुत्रों को मकर संक्रांति पर स्पर्श कर मोक्ष प्रदान किया था। मकर संक्रांति पर पुण्य स्नान का शुभ मुहूर्त सोमवार सुबह 7~19 शुरू हुआ है। यह दोपहर 12.30 बजे तक रहेगा। पुण्य स्नान की कुल अवधि 5.30 घंटे की है। महापुण्य स्नान की कुल अवधि एक घंटा 43 मिनट बताई गई है। मगर सवेरे छह बजे से ही श्रद्धालुओं ने गंगा और सागर के संगम पर डुबकी लगानी



शुरू कर दी थी। कपिल मुनि आश्रम के महंत ज्ञानदास ने बताया कि रविवार रात से ही मकर संक्रांति शुरू हो गई थी। सोमवार सुबह छह बजे से देश-दुनिया से पहुंचे लाखों लोगों के अलावा नागा, नाथ और अन्य संप्रदाय के साधुओं ने मोक्ष की आस में डुबकी लगाई। गंगा सागर मेला क्षेत्र में सुरक्षा का कड़ा इंतजाम किया गया है। पुलिस, सिविल डिफेंस, होमगार्ड समेत नेवी और कोस्ट गार्ड के 10 हजार से अधिक जवान चप्पे-चप्पे पर नजर रख रहे हैं। जिला प्रशासन के अनुसार इस साल 35 लाख से अधिक श्रद्धालु सागर तट पर पुण्य स्नान के लिए पहुंचे हैं। पिछले साल 30 लाख लाख लोगों ने डुबकी लगाई थी।

## कर्नाटक के कई दिग्गज नहीं लड़ेंगे इलेक्शन, मल्लिकार्जुन खरगे भी ले सकते हैं चुनावी संन्यास

**बेंगलुरु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को ही विपक्षी गठबंधन ट्ठ्ठ्ठ का अध्यक्ष बनाया गया है। यह भी कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार ने संयोजक का पद इसलिए नहीं स्वीकार किया क्योंकि उन्हें गठबंधन का अध्यक्ष नहीं बनाया गया और प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में प्रोजेक्ट नहीं किया गया। अब रिपोर्ट्स में यह भी कहा जा रहा है कि हो सकता है कि मल्लिकार्जुन खरगे लोकसभा चुनाव ना लड़ें। हालांकि वह चुनाव प्रचार में ऐक्टिव रहेंगे।

81 साल के मल्लिकार्जुन खरगे और एचडी देवगौड़ा दोनों ही 2019 में लोकसभा का चुनाव हार गए थे। खरगे कालाबुरगी से और देवगौड़ा तुमाकुरु सीट से उतरे थे। इसके बाद ये दोनों ही राज्यसभा गए। अब दोनों



ने ही अपनी बढ़ती उम्र का हवाला दिया है। उनका कहना है कि बढ़ती उम्र के चलते वे लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ना चाहते। बीते साल फरवरी में भाजपा के दिग्गज नेता बीएस येदियुरप्पा ने भी ऐलान किया था कि वह चुनावी राजनीति से संन्यास ले रहे हैं। इसके अलावा भाजपा सांसद श्रीनिवा प्रसाद, जीएस सासवाराजू ने भी चुनाव ना लड़ने की बात कही थी। अभी यह नहीं पता है कि डीवी सदानंदगौड़ा (70साल), रमेश जिगाजिनागी (71 साल) और जीएम सिद्धेश्वरा (71 साल)चुनावी मैदान में उतरेंगे या नहीं।


बता दें कि बेंगलुरु में मीडिया को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा ने कहा था कि वह अब चुनाव नहीं लड़ना चाहते। हालांकि वह बीजेपी-जेडीएस के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा था कि जेडीएस और भाजपा के उम्मीदवारों को जीत दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। बता दें कि कल्याण-कर्नाटक इलाके में खरगे बड़े राजनीतिक चेहरे हैं। अब वह इंडिया गठबंधन के अध्यक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष भी हैं। ऐसे में उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ी हैं। खरगे की पकड़ अल्पसंख्यक और ओबीसी वोटों पर अच्छी है। उन्होंने खुद को दलित समुदाय के लिए लड़ने वाला भी साबित किया है। ऐसे में मल्लिकार्जुन खरगे चुनाव प्रचार में बड़ी भूमिका निभाएंगे। विपक्षी गठबंधन के दल भी उनकी मदद चुनाव प्रचार में ले सकते हैं।

## मंदिरों के संचालन में हर जाति-बिरादरी की सहभागिता हो : विहिप

**अयोध्या।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के राष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने कहा है कि हिंदू मंदिरों के संचालन में हर जाति-बिरादरी की सहभागिता होनी चाहिए। साथ ही सभी मंदिरों को सरकारी से नियंत्रण से मुक्त होना चाहिए। इसके लिए विहिप देशव्यापी अभियान शुरू करेगी। उन्होंने हिन्दुस्थान समाचार से चर्चा में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि विहिप की स्थापना के 60 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसलिए श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद संगठन विस्तार के साथ-साथ सामाजिक समरसता और सेवा के कार्यों पर विहिप फोकस करेगी। संगठन का प्रयास है कि हम अपने काम को जन्माष्टमी तक एक लाख स्थानों तक लेकर जाएं। बजरंग दल की शौर्य जागरण यात्रा और राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त जनजागरण और संपर्क से संगठन विस्तार में मदद मिलेगी।

मिलिंद परांडे ने कहा कि संगठनात्मक दृष्टि से 1100 जिए बनाए गए हैं। अभी हमारे सेवा कार्य 400 जिलों तक पहुंचे हैं। इसे जल्द ही 800 जिलों तक पहुंचा जाएगा। आगामी वर्षों में मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्ति के प्रयास करेंगे, क्योंकि यह हिन्दुओं के साथ पक्षपातपूर्ण व्यवहार है। कोई मस्जिद और चर्च सरकारी नियंत्रण में नहीं हैं। हिन्दू मंदिरों का संचालन



हिन्दू समाज को ही करना चाहिए। इसमें हर-जाति बिरादरी की सहभागिता हो और हिन्दू का धन हिन्दू के लिए उपयोग में आए।

## मायावती के जन्मदिन पर सीएम योगी ने फोन कर पूछा हालचाल, अखिलेश ने भी दी बधाई

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती आज अपना 68 वां जन्मदिन मना रही हैं। इस मौके पर उन्हें प्रदेश और देश की तमाम बड़ी हस्तियों ने बधाई और शुभकामना संदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मायावती से फोन पर बात कर उन्हें बधाई दी है। वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए उन्हें बधाई दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बसपा सुप्रीमो मायावती से फोन पर बात की। इस बातचीत में उन्होंने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और कुशलक्षेम पूछा। सीएम योगी ने बसपा सुप्रीमो मायावती के दीर्घायु होने की कामना की। एक्स पर एक पोस्ट में मायावती को



जन्मदिन की बधाई देते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा- बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई! ईश्वर से आपके लिए उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की प्रार्थना है।

वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी मायावती को जन्मदिन की बधाई दी। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा-उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री एवं बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मायावती जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं।

**गठबंधन पर ऐलान कर सकती हैं मायावती**

बसपा सुप्रीमो मायावती आज का 68वां जन्मदिन मना रही हैं। बसपा भी उनके जन्मदिन को जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मना रही है। इस मौके पर पार्टी की ओर से जारी बयान में मायावती को सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति आन्दोलन की महानायिका बताया गया है। बताया जा रहा है कि मायावती आज पार्टी का मोबाइल एप भी लांच कर सकती हैं। सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय पर होने वाली प्रेसवार्ता में मायावती आगामी लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन के बारे में बसपा के रुख का खुलासा कर सकती हैं।

# दिल्ली में सबसे ठंडी सुबह और फिर चटक धूप ने चौंका दिया, आगे कैसा रहेगा मौसम

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में भीषण ठंड से कंपकंपा रहे लोगों के लिए मकरसंक्रांति राहत लेकर आया है। करीब 15 दिनों बाद दिल्ली में सुबह ही धूप खिल गई। हालांकि, धूप निकलने से पहले पारा इस सीजन में सबसे कम स्तर पर रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली में न्यूनतम पारा 3.3 डिग्री सेल्सियस रहा। एक दिन पहले रविवार को सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री कम है। दिल्ली में लोधी रोड में सबसे कम तापमान 3.4 डिग्री दर्ज किया गया।

दिल्ली को लगातार चार दिनों तक कोल्डवेव का सामना करना पड़ा है। चारों दिन पारा 4 डिग्री से कम रहा है। शनिवार को 3.6 और शुक्रवार को 3.9 डिग्री था। कोल्डवेव की



घोषणा तब की जाती है जब न्यूनतम तापमान सामान्य से 4 या अधिक डिग्री कम होता है। मौसम विभाग का कहना है कि आसमान साफ होने की वजह से कोल्डवेव की स्थिति बनी है। बादलों की गैरमौजूदगी में दिन कुछ गर्म होते हैं और रात को इसमें तेजी से गिरावट आती है जिससे तापमान गिरता है। रविवार को अधिकतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जोकि सामान्य से एक डिग्री अधिक है।

**ठंड से राहत के आसार नहीं-** दिन में धूप खिलने से राहत जरूर मिली है, लेकिन रात और सुबह ठंड अभी बरकरार रहेगी। मौसम विभाग ने सोमवार और मंगलवार के लिए ऑरेंज अलर्ट घोषित किया है। न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से कम ही बने रहने की संभावना जताई गई है।

ट्रेन और विमानों की आवाजाही पर बुरा असर

दिल्ली-एनसीआर में प्रचंड ठंड के साथ रात और सुबह कोहरा भी बहुत घना होता है। सोमवार सुबह एक बार फिर दिल्ली में पालम और आईजीआई एयरपोर्ट के आसपास विजिबिलिटी शून्य रही। जिसकी वजह से विमानों की आवाजाही पर बुरा असर पड़ा है। 50 से अधिक विमानों के उड़ान में देरी हुई तो पांच विमानों को डायवर्ट करना पड़ा। चार को जयपुर और एक को अहमदाबाद ले जाकर उतारा गया। रविवार को 400 से अधिक विमानों के संचालन में देरी हुई। 10 को डायवर्ट किया गया और 20 को कैंसल करना पड़ा। दिल्ली आने जाने वाली दर्जनों रेलगाड़ियां भी देरी से चल रही हैं।

# अक्षरा सिंह

## और बागेश्वर बाबा की फोटो पर आए कमेंट्स पढ़ समाज के तौर पर हमें शर्म आनी चाहिए!



भोजपुरी इंडस्ट्री के सितारे अपने काम के जरिए अपनी पहचान को ऊंचाई तक ले जाने की कोशिश में लगे रहते हैं. भोजपुरी सिनेमा में कई ऐसे सितारे हैं जो भक्ति में काफी आस्था रखते हैं. हाल ही में देखा गया था कि अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्णा से पहले भोजपुरी सिनेमा के सितारों ने राम भक्ति पर कई सारे भजन रिलीज किए. अक्षरा सिंह से लेकर खेसारी लाल यादव तक राम भक्ति में डूबे हुए नजर आए. इसी बीच खेसारी के बाद अब अक्षरा सिंह भी बागेश्वर बाबा के दर्शन के लिए पहुंची.अक्षरा सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बागेश्वर बाबा के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की है. तस्वीर में अक्षरा जमीन पर हाथ जोड़े बैठे हुए बागेश्वर बाबा को देखती हुई नजर आ रही हैं. वहीं बागेश्वर बाबा अपने बेड पर बैठे हुए नजर आ रहे हैं. जैसे ही अक्षरा ने इस तस्वीर को शेयर किया सोशल मीडिया पर उनका



ये पोस्ट तेजी से वायरल होने लगा. इस तस्वीर को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा कि आपके स्नेह और आशीर्वाद के लिए शब्द नहीं है गुरुजी.


**यूजर्स के भद्दे कमेंट्स**

हालांकि ये पहली बार नहीं था कि जब अक्षरा सिंह ने बागेश्वर बाबा से मुलाकात की हो. वह अक्सर वक्त निकालकर बागेश्वर धाम जाती रहती हैं. अक्षरा सिंह और बागेश्वर बाबा की इस तस्वीर को जहां कुछ लोग काफी पसंद कर रहे हैं, वहीं कुछ यूजर्स ऐसे भी हैं जो इस तस्वीर पर भद्दे कमेंट कर रहे हैं. यूं तो इस तस्वीर में ऐसा कुछ नहीं है कि इसपर सवाल उठाए जाएं, लेकिन कुछ यूजर्स ने अपने कमेंट्स के जरिए सारी हदें पार कर दी हैं.

**अक्षरा सिंह का भजन**

एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा- गलत जगह पर पहुंच गई अक्षरा जी. एक दूसरे यूजर ने लिखा है कि ये भी अंधभक्त निकली. इतना ही नहीं कुछ कमेंट्स जो ऐसे हैं जो बताए भी नहीं जा सकते हैं. लेकिन यूजर्स की इस तरह की हरकत पर उन्हें शर्म आनी चाहिए. बता दें, बीते दिनों अक्षरा सिंह ने राम भक्ति पर अपना भजन राम सबके हैं रिलीज किया है. जिसे सभी ने काफी पसंद भी किया है.

## अंकिता और विक्की जी से मत लड़...मां ने अभिषेक कुमार को दी सलाह




बिग बॉस 17 के लेटेस्ट एपिसोड में अभिषेक कुमार की मां, समर्थ जुरेल और ईशा मालविया के पिता ने अपने बच्चों के मिलने के लिए बिग बॉस के घर में एंट्री की. अपनी मां को देखकर अभिषेक फूट-फूटकर रोने लगे. अभिषेक की मां भी अपने बेटे को देखकर भावुक हो गईं. अपने बेटे की हौसला अफजाई करते हुए अभिषेक की मां ने उन्हें सलाह देते हुए कहा कि वो अंकिता लोखंडे और विक्की जैन के साथ सम्मान से पेश आए और कोशिश करें कि इन दोनों के साथ उनका कोई भी झगड़ा न हो.अभिषेक को रोते हुए देख सबसे पहले उनकी मां ने उन्हें शांत किया और खेल के बारे में समझाया. उन्होंने बताया कि कैसे अभिषेक के परिवार में से कोई भी नहीं चाहता कि वो अपनी एक्स-गर्लफ्रेंड ईशा मालवीय के आसपास रहें. अभिषेक की मां बोलीं,तुम ईशा से प्लीज दूर रहो और ये जो अंकिता और विक्की जी हैं प्लीज उनसे तू-तड़ाक में बात मत किया करो. मैं तुम्हें कह रही हूं कि तुम मेरे लिए ये बात मान लो, उनसे लड़ना मत. मुझे बिकुल अच्छा नहीं लगता जब तुम उनसे लड़ते हो. अभिषेक ने अपनी मां को ये भरोसा दिलाया कि वो जरूर उनकी बात मान लेंगे. उन्होंने इस दौरान ये भी कहा,आप लोग देख रहे होंगे कि घर वालों ने मुझे कैसे अकेला छोड़ दिया है. मैं बहुत अकेला महसूस करता हूं और यहां बहुत मुश्किल है.

**अभिषेक की मां ने अंकिता से भी की बातें**

बेटे से मिलने के बाद, अभिषेक की मां ने अंकिता से भी मुलाकात की और उन्होंने अंकिता से कहा, मैंने अभिषेक से कहा था कि वह आपका अपमान न करें. आप उसकी बहन की तरह हैं और जब आप लोग बात करते हैं और मुझे बहुत अच्छा लगता है. मैंने उससे आपसे माफी मांगने के लिए कहा है क्योंकि आप उसकी बहन की तरह हैं. मुझे उम्मीद है कि वो अब आपसे और विक्की से नहीं लड़ेगा. जवाब में, अंकिता ने भी अभिषेक की मां से कहा,मैं हमेशा उसके लिए खड़ी रही हूं और उसे पसंद भी करती हूं लेकिन जब भी कोई लड़ाई होती है, तो वह बदतमीजी करना शुरू कर देता है और ये मुझे बिल्कुल पसंद नहीं है. यह बहुत अपमानजनक है, बाकी सब ठीक है.

## खुशी से झूम उठे शाहरुख फैन्स! 'ऑस्कर्स' ने सोशल मीडिया पर शेयर किया DDLJ का ये गाना



यशराज फिल्म्स की फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे 27 साल पहले सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. तब से लेकर आज तक लगातार शाहरुख खान की ये फिल्म मुंबई के मराठा मंदिर सिनेमा में लगी हुई है और इसे दिखने दर्शक भी पहुंचते रहते हैं. इस ब्लॉकबस्टर फिल्म में शाहरुख खान के साथ काजोल भी लीड रोल में नजर आई थीं. इस फिल्म से शाहरुख बॉलीवुड के बड़े सुपरस्टार बन गए थे. इस फिल्म को शॉर्ट में डीडीएलजे भी कहते हैं.1995 में फिल्ममेकर यश चोपड़ा के बेटे आदित्य चोपड़ा ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया था. आदित्य की ये पहली फिल्म थी जिसे वह डायरेक्टर कर रहे थे. इस पिक्चर से पूरी इंडस्ट्री में हत्रह्न सेंट्रिक सिनेमा की लहर शुरू हो गई थी. शाहरुख खान के चाहनेवाले आज भी इस फिल्म को देखना पसंद करते हैं. हाल ही में मोस्ट प्रेस्टीजियस फिल्म अवॉर्ड ऑस्कर के लिए ग्लोबल लेवल पर वोटिंग शुरू की गई थी.

**ऑस्कर का सोशल मीडिया पोस्ट**

आज ऑस्कर के ऑफिशियल सोशल मीडिया पेज ने एक वीडियो सभी के साथ शेयर की है. ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एकेडमी ने शाहरुख खान की आईकॉनिक फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे का गाना मेहंदी लगाके रखना शेयर किया है. इस गाने का रील बनाकर भी अपलोड किया गया है. ऑस्कर के सोशल मीडिया पेज पर शाहरुख खान की फिल्म का वीडियो देख फैन्स खुशी से झूम उठे हैं.

**ऑस्कर की रेस में शामिल होगी 'डंकी'!**

हालांकि इस पोस्ट के सामने आने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स इसे किसी बड़े सरप्राइज से जोड़कर देख रहे हैं. उनका कहना है कि इसके पीछे जरूर कोई इशारा है. दरअसल हाल ही में शाहरुख खान की फिल्म डंकी को ऑस्कर नॉमिनेशन के लिए भेजा गया है. शाहरुख खान और राजकुमार हिरानी की फिल्म डंकी को काफी पसंद किया गया है. फिल्म ने खुद को सुपरहिट फिल्मों की लिस्ट में शामिल कर लिया है.

# रश्मिका मंदाना

## और विजय देवरकोंडा ने एक साथ मनाया नया साल? एक्ट्रेस की इन तस्वीरों से फैंस लगा रहे कयास



कुछ दिन पहले, एक्टर विजय देवरकोंडा ने छुट्टियां मनाते हुए कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थी, जिसमें एक्टर खाने के साथ काफी खुश नजर आ रहे थे. इस पोस्ट से फैंस के लिए एक बार फिर से अटकलें लगाने के लिए काफी था कि वह रश्मिका मंदाना के साथ छुट्टियां मना रहे हैं.



**रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा ने एक साथ मनाया नया साल ?**

विजय के इन फोटोज को देखकर कई यूजर्स ने कहा कि क्या इस स्माइल की वजह रश्मिका है?, कुछ फैंस ने फोटोज देखने के बाद ये भी कहा कि अब देखना रश्मिका की भी वेकेशन की फोटोज आएगी. वहीं रश्मिका ने अपनी कुछ तस्वीरें विजय देवरकोंडा के ठीक बाद पोस्ट की हैं, जिससे फैंस कयास लगा रहे हैं कि इन दोनों ने एक बार फिर नया साल एक साथ मनाया है.

**एक्ट्रेस की इन तस्वीरों से फैंस लगा रहे कयास**

एक्ट्रेस ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उन्हें भारत का नेशनल क्रश क्यों कहा जाता है. फोटोज में टोपी के साथ उनकी कैजुअल ड्रेस में खूबसूरती झलक रही थी. लेकिन, इन फोटोज को देखकर फैंस के मन में ये सवाल है कि आखिर ये तस्वीरें किसने लीं? क्या यह विजय देवरकोंडा है?

बता दें कि विजय और रश्मिका मंदाना की जोड़ी के बीच काफी समय से डेटिंग की अफवाह है. उनकी केमिस्ट्री, जो गीता गोविंदम और डियर कॉमरेड के दिनों में शुरू हुई थी, उनकी ऑफ-स्क्रीन में भी दिखाई देती है. हाल ही में, ऐसी अफवाहें सामने आई हैं कि विजय और रश्मिका जल्द ही सगाई भी कर सकते हैं. लेकिन ये केवल अटकलें हैं क्योंकि दोनों में से किसी ने भी इस बात की पुष्टि नहीं की है.

# मुख्यमंत्री ने किया 51 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन



पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सतना जिले के मझगवां विकासखंड के दूरस्थ गांव पटनाखुर्द में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में जिले के लगभग 51 करोड़ रुपए लागत के 38 विकास कार्यों की सौगात दी। इसमें सतना जिले के 28 करोड़ 10 लाख रुपए लागत के 24 नवनिर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण और 22 करोड़ 74 लाख रुपए लागत के 14 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा किया गया।

# मुख्यमंत्री ने तथा केंद्रीय उड्डयन मंत्री ने ग्वालियर से बैंगलोर हवाई सेवा का किया शुभारंभ

**रीवा, सतना और दतिया से हवाई सेवा इसी वर्ष होगी शुरु- केंद्रीय मंत्री सिंधिया**

**हवाई सेवा से ग्वालियर, बैंगलोर, दिल्ली और अयोध्या से सीधे जुड़ा- मुख्यमंत्री**

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना ग्वालियर से बैंगलोर की हवाई सेवा का शुभारंभ किया गया। वर्चुअल माध्यम से दिल्ली से केंद्रीय विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा चित्रकूट से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि नई हवाई सेवा ग्वालियर को सिलिकॉन वैली बैंगलोर, देश की राजधानी दिल्ली और आध्यात्मिक राजधानी अयोध्या से जोड़ेगी। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी तथा विमानन मंत्री श्री सिंधिया जी के



नेतृत्व में मध्यप्रदेश ही नहीं पूरे देश में हवाई सेवा का तेजी से विस्तार हो रहा है। पुष्पक विमान का उल्लेख रामायण में है। यह हमे भगवान राम से जोड़ता है। नई हवाई सेवा ग्वालियर से अयोध्या जाने का अवसर देकर आध्यात्मिक संस्कृति का परचम फहरायेगी। भगवान राम ने उत्तर से दक्षिण तक और भगवान कृष्ण ने पूर्व से पश्चिम तक सनातन धर्म का परचम फहराया। ग्वालियर में सिंधिया जी के मार्गदर्शन में 15 माह के रिकॉर्ड समय में ग्वालियर हवाई अड्डे में नये टर्मिनल का विकास पूरा किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सभी जिलों में हवाई टैक्सी, एयर एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।समारोह में केंद्रीय विमानन मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि इस वर्ष रीवा, सतना और दतिया में हवाई सेवा शुरु होगी। अभी हमने मकर संक्रांति सहित कई त्यौहार मनाये हैं। ऐसे पावन समय पर ग्वालियर से बैंगलोर की हवाई सेवा शुरु हो रही है। यह हवाई सेवा ग्वालियर को दिल्ली और अयोध्या से भी जोड़ेगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ग्वालियर के विकास के कार्य प्राथमिकता से कर रहे हैं। जिससे ग्वालियर वासियों को कई सौगातें मिल रही हैं। हाल ही में 500 करोड़ की लागत से ग्वालियर में नया हवाई टर्मिनल बनाया गया है। अब ग्वालियर में 33 विमान सेवाओं के माध्यम से 13 शहरों में जोड़ने का अवसर मिल गया है। जबलपुर और रीवा में एयरपोर्ट विकास तथा सतना हवाई पट्टी के विकास का कार्य तेजी से किया जा रहा है। समारोह में केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। समारोह में वर्चुअल माध्यम से ग्वालियर, भोपाल तथा अन्य शहरों से जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी सम्मिलित रहे।

# पटनाखुर्द पहुंचने पर मुख्यमंत्री डॉ यादव का हुआ स्वागत



पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मंगलवार को सतना जिले के मझगवां विकासखंड के गांव पटनाखुर्द की विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होने हेलीकॉप्टर से पहुंचे। हेलीपैड पहुंचने पर मुख्यमंत्री डॉ यादव का आत्मीय स्वागत जिले के जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव की अगवानी नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, पूर्व राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल, विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, विधायक विक्रम सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह, पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी, स्पीकर राजेश चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा, एडीजीपी केपी व्यंकटेश्वर राव, कलेक्टर अनुराग वर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता सहित प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर की।

**राम भगवान पथ गमन मार्ग के सभी स्थलों का होगा विकास- मुख्यमंत्री**

# राम वन पथ गमन के विकास की कार्य योजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जायेगा

**चित्रकूट का अयोध्या की तरह होगा विकास- मुख्यमंत्री**



पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना चित्रकूट के ग्रामोदय विश्वविद्यालय सभागार में श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुये मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि चित्रकूट सहित राम वन पथ गमन मार्ग के सभी प्रमुख स्थलों का विकास किया जायेगा। इसके लिये पूरी कार्य योजना बनाकर उसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया जायेगा। इसमें अधोसंरचना विकास के कार्यों के साथ-साथ धार्मिक चेतना, आध्यात्मिक विकास और राम कथा से जुड़े आयामों को भी शामिल किया जायेगा। चित्रकूट का अयोध्या की तरह विकास करके इसे भगवान राम के जीवन से जुड़ा सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल बनाया जायेगा। विद्वानों के परामर्श से राम वन पथ गमन के प्रमुख स्थलों का विकास किया जायेगा। चित्रकूट के दीवाली मेले तथा अमावस्या मेले में रामकथा और राम के जीवन से जुड़ी प्रदर्शनी एवं राम वन पथ गमन से जुड़ी जानकारियां प्रदर्शित करायें। इनका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें।

# मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर की मासिक इंगित काव्य गोष्ठीहुई संपन्न स्व.हरीश उपाध्याय का किया पुण्य स्मरण

महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे ग्वालियर । मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा , दौलत गंज लश्कर, ग्वालियर की नियमित मासिक ÷इंगित काव्यगोष्ठी÷ गत दिवस सभा भवन दौलत गंज, लश्कर , ग्वालियर में आयोजित की गयी। इसके पश्चात् वरिष्ठ पत्रकार सरल ,सहज , सहृदय पत्रकार एवं श्री राम एक्सप्रेस सांध्य ग्वालियर संपादक हरीश जी उपाध्याय जी के देवलोकगमन पर उनका पुण्य स्मरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुधीर चतुर्वेदी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में राम लाल साहू ÷बेकस÷ ,विशिष्ट अतिथि के रूप में रेखा दीक्षित सहित सभा प्रतिनिधि के रूप में उपेंद्र कस्तूरे, सभा के सहमंत्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन राम चरण ÷रुचिर÷ ने किया।सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। सरस्वती वंदना अशोक शिरढोणकर ने सुमधुर स्वर में प्रस्तुत की। तत्पश्चात् सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पहार भेंट कर राम चरण ÷ रुचिर ÷ने किया। काव्य गोष्ठी में कवियों ने राम मंदिर ,राष्ट्रीय भाव बोध एवं सामयिक विषयों पर एक से बढ़कर एक रचनाएं प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम को गरिमामय प्रदान की।

काव्यपाठ के क्रम में युवा कवि मोहित ने कहा,

÷ राम को न राम समझो राम सबके सार हैं,राम हैं साधना और राम ही खुद साध्य भी।÷

अगले क्रम में जगमोहन श्रीवास्तव ने कहा,

÷धैर्य धर्म रघुकुल आभूषण ,हारे फिर रावण खर-दूषण ।
आओ राम अयोध्या धाम नमन् तुम्हें सीता -पति राम।÷

तत्पश्चात अशोक शिरढोणकर ने कहा,

÷राम नाम तुम जप लो भाई,
सुबह शाम ध्याओ सब भाई। ÷

क्रम को आगे बढ़ाते हुए दिलीप मिश्रा ने कहा,

÷ कितने बदले युग और कितनी सदियां बीत गईं, राम नाम आए इस मन में ,और आंखें गीलीं हो गईं।÷

कार्यक्रम का संचालन कर रहे कवि रामचरण ÷रुचिर÷ ने काव्य पाठ करते हुए कहा,

÷भावनाएं मौन हैं, पर भाव अभी जिंदा हैं।
नीड में बेचैन यूं वेबस परिंदा हैं।÷

कार्यक्रम में÷श्रृंगार रस÷ का गीत प्रस्तुत करते हुए कमला शंकर मिश्रा ने कहा,

प्यार में आसमां से चांद तारे तोड़ लाने का ,नया अंदाज सुझाया भी तो है।÷

व्यंकटेश बलवंत वाकड़े ने बहुत अच्छा काव्यपाठ प्रस्तुत करते हुए कहा ,

योग जोग मैं जान सका ना,
कैसे आऊं निहारें द्वार,




सद्गुरु कृपा कर मोहि दीन्ही राम नाम महिमा अपार ?।÷

इसी भाव को आगे बढ़ाते हुए ÷राम मंदिर÷ पर आह्वान कर दिनेश ÷ विकल ÷ने गीतिका पढ़ते हुए कहा,

÷सभी मिलकर अवध पहुचो, वहां श्री राम आये हैं।
वो अब भी हैं हमारे ,यही पैगाम आये हैं।

वरिष्ठता के क्रम में भक्ति भाव से ओत -प्रोत सुंदर गीत राजकिशोर वाजपेयी ÷अभय÷ ने पढ़ते हुए कहा,

÷ हर्षित तीनों हैं महतारी, सजी अयोध्या गई संवारी।
दशरथ नंदन राम लला की,
गाते महिमा हैं नर नारी ।
आज प्राण खुशियों को पाये रामलला अवधपुरी आए।÷

मंचासीन अतिथियों में विशेष अतिथि रेखा दीक्षित ने कहा,

÷ हो सके तो गीत गाओ बैठकर,
हो सके तो गुनगुनाओ बैठकर ,
कौन जाने कल हम कहां होंगे,
हो सके तो मुस्कुराओ बैठकर।÷

मुख्य अतिथि रामलाल साहू ÷बेकस÷ ने वर्तमान परिस्थितियों पर प्रहार करते हुए पीड़ा व्यक्त की,

,÷अब बुजुर्गों के लिए आबो हवा अच्छी नहीं ,
क्यों नई संतान इनके दर्द को समझी नहीं ।÷

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुधीर चतुर्वेदी ने कार्यक्रम की भूरि- भूरि प्रशंसा करते हुए इस क्रम को निरंतरता रखने के लिए साहित्य सभा का विशिष्ट महत्व बताया।

इस अवसर पर उन्होंने काव्य पाठ करते हुए कहा ,÷

सूरज ने मुख ढंक लिया,
देख ठंड का रूप ।
सब खोली में जा छिपे ,
रंक होय या भूप।

इसके पश्चात् सभी का आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजक रामचरण ÷रुचिर÷ने किया।

काव्य गोष्ठी के सम्पन्न होने के पश्चात् वरिष्ठ पत्रकार एवं ÷श्रीराम एक्सप्रेस ÷(सांध्य) ग्वालियर संपादक से सरल, सहज एवं मिलनसार हरीश जी उपाध्याय के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनका पुण्य स्मरण किया गया । उनसे जुड़े संस्मरण सुनाते हुए राज किशोर वाजपेयी ÷अभय÷ ने कहा, कि हरीश जी के निधन से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है, वे सच्चे कर्म योगी थे।

उन्होंने उनके जीवन के अनेक संस्मरण सुनाते हुए बहुत ही संवेदनात्मक एवं भावात्मक अभिव्यक्ति दी,

उन्होंने काव्यात्मक अभिव्यक्ति देते हुए कहा ,

चला गया पथिक अनंत यात्रा पर,
पद चिन्ह छोड़ गया पथ पर ,
पद चिन्ह छोड़ गया पथ पर दीप स्तंभ के समान।÷

इसी प्रकार दिनेश ÷विकल÷ अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा,

÷ मान कर ईश्वर का आदेश,
बिना ही दिए कोई संदेश,
जाने क्यों चले गए।?

इसी प्रकार साहित्य सभा के प्रचार प्रसार मंत्री रामचरण ÷रुचिर ÷ने हरीश जी से जुड़ी हुई अनेक बातें साझा करते हुई कहा, ÷ कि हरीश जी उपाध्याय एक पत्रकार, संपादक के साथ-साथ ही बहुत ही विनम्र ,सहृदयी, व्यवहार कुशल एवं सहज, सरल व्यक्तित्व की धनी थे। उन्होंने वरिष्ठ एवं युवा साहित्यकारों को प्रोत्साहित करते हुए एक नया आयाम दिया और अपने समाचार पत्र में हमेशा प्रकाशित किया। इसी प्रकार दिलीप मिश्रा ने भी उनके जीवन की अनेक घटनाओं को साझा रखते हुए उनके व्यक्तित्व एवं सरल, सहज व्यवहार की बहुत ही भावभीनी अभिव्यक्ति दी।

अन्य साहित्यकारों ने भी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उनका पुण्य स्मरण किया एवं सभी ने दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर उपेंद्र कस्तूरे सहमंत्री,राकेश पांडेय, दीपक कौल सहित अनेक साहित्यकार, गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# आलू मूल्य श्रृंखला परियोजना भ्रमण कार्यक्रम



अशोक पाठक रिपोर्टर

**ग्वालियर।** नाबार्ड के सहयोग से एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत आलू मूल्य श्रृंखला परियोजना कार्यक्रम विकासखंड मुरार जिला ग्वालियर में अराइज एवम ए-वे फाउंडेशन समिति द्वारा संचालित किया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत विकासखंड मुरार के 12 से 15 गांव को शामिल किया गया है जिनमे से 10 सीड विलेज तैयार किये जाने है। इस परियोजना के प्रथम चरण में विकासखंड मुरार के 15 गांव के 450 किसानो को संस्था द्वारा आलू की विभिन्न किस्मो के बीज (चिप्सोना, बादशाह, हिमालनी, ज्योति, एलआर ) दिए गए जिसमे संस्था के साथ किसानो की सहभागिता रही है।इसी क्रम में किसानो को गांव में ही प्रशिक्षण एवं एक्सपो?र विजिट केंद्रीय आलू अनुसन्धान केंद्र में कराई जाएगी। आज दिनांक 16 -01 -2024 को 100 से अधिक किसानो को केंद्रीय आलू अनुसन्धान केंद्र महाराजपुरा ग्वालियर में कराई गई। विजिट के दौरान CPRI के वरिष्ठ वैज्ञानिकों (मुरलीधरन, सुरेंद्र सिंह, डी.सी. वाजपेयी) द्वारा आलू की बुबाई से लेकर आलू निकलने के समय तक पौधे के रखरखाव की जानकारी प्रदान की एवं अनुसन्धान के खेतों पर ले जाकर प्रैक्टिकल (वास्तविक) जानकारी प्रदान की। इससे किसानो को आलू के उत्पादन की अधिक से अधिक जानकारी मिली !

# 05 दिन पूर्व हुये अंधेकत्ल का हुआ खुलासा,गार्डन चौकीदार ही निकला हत्यारा हत्या को दुर्घटना में बदलने का किया था प्रयासघटना घटित करने वाले गार्डन चौकीदार व संचालक गिरफ्तार

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक,नगर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार उईके के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक प्रदीप सोनी के नेतृत्व में अंधे कत्ल का खुलासा कर हत्या कर शव को सडक नहर के किनारे फेंकने वाले दोनों आरोपीगणों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दिनांक 10/01/24 प्रातः विरधनपुरा नहर के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव खून से लथपथ पडा मिला। अज्ञात शव की शिनाख्तगी हेतु सूचना शहर में कर दी गयी। मृतक के रोड किनारे मिले शव को मृतक के परिजन वाहन दुर्घटना मानकर चल रहे थे तथा उनके द्वारा किसी पर कोई शंका होना नहीं बताया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशन में आकस्मिक दुर्घटना की जांच सूक्ष्मता से एवं दुर्घटना को भी घटना मानकर घटना की जांच सूक्ष्मता एवं घटना की परिस्थितिओं को दृष्टिगत करने के निर्देश दिये गये।विवेचना के दौरान दिनांक 09/01/24 व 10/01/24 की रात्रि घटना स्थल और शहर के समीप सीसीटीवी फुटेज




देखने पर ज्ञात हुआ कि रात्रि में एक कार भिण्ड शहर से घटनास्थल के पास जाती दिखी तथा इसी आधार पर आगे की कडियों को जोडा गया। जांच एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर पाया गया कि मृतक बसन्त उर्फ पुच्ची जैन की अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या की जाकर साक्ष्य छुपाने की उददेश्य से कार में शव को रखकर विरधनपुरा नहर के किनारे फेंक दिया था। मामले में मृतक के परिजनों से काफी पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा अन्तिम बार चौधरी मांगलिक भवन भिण्ड में देखना बताया। चौधरी मांगलिक भवन संचालक व उसके चौकीदार से बारीकी से पूछताछ की गयी तो उन दोनों ने सारा सच उगल दिया और मृतक बसन्त उर्फ पुच्ची जैन की हत्या कर शव व को नहर के किनारे फेंकना स्वीकार किया। आरोपी के मृतक बसन्त उर्फ पुच्ची जैन हलवाई का काम करता था जो पिछले दो दिनों से चौधरी मांगलिक भवन में रूका था बसन्त उर्फ पुच्ची जैन की शादी नहीं हुयी थी जिस कारण वह अपने घरकम जाता था तथा हलवाई का काम करके वहीं खाना खाकर सो जाता था। दिनांक 08 व 09 जनवरी कीरात्रि बसन्त उर्फ पुच्ची जैन चौधरी गार्डन के चौकीदार के साथ सो गया था। मृतक बसन्त उर्फ पुच्ची जैनबार -बार कमरे के अन्दर बाहर जा रहा था जिससे तंग आकर चौकीदार ने मृतक पुच्ची जैन का सिर दीवार में मार दिया सुबह देखा तो मृतक पुच्ची जैन मृत अवस्था में मिला। उक्त घटना चौकीदार ने चौधरी मांगलिक भवन के संचालक को बताई संचालक ग्वालियर में होने से वापस भिण्ड आया और चौकीदार व संचालक ने मृतक पुच्ची जैन का शव रात्रि में अपनी कार में रखकर विरधनपुरा की नहर के किनारे फेंक दिया। चौकीदार द्वारा पुच्ची जैन की हत्या की गयी एवं संचालक के साथ मिलकर शव को ठिकाने लगाया गया । उक्त दोनों आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा रहा है।उक्त सराहनीय कार्यवाही में नगर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार,थाना देहात प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सोनी,निरीक्षक दीपेंद्र यादव,एसआई विजय शिवहरे,लक्ष्मण किशोर गुबरेले,नागेश शर्मा,एएसआई सत्यवीर सिंह,प्रधान आरक्षक सोनेन्द्र राजावत,गुरूदास सोही,सतेन्द्र सिंह, प्रमोद पाराशर,महेश, आरक्षक सन्दीप राजावत,सुभाष तोमर,भूपेन्द्र राजावत,ज्ञानेन्द्र मिश्रा,आनन्द दीक्षित,राहुल यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# चन्दनपुरा हत्याकाण्ड का 11 वां 5 हजार रूपये का आरोपी गिरफ्तार

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक भिंड डॉ. असित यादव के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक, नगर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे अवैध शराब, अवैध हथियार, स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी व ईनामी फरारी आरोपी, गुण्डा बदमाशों पर धरपकड अभियान के तहत कार्यवाही जारी है, इसी तारतम्य में दिनांक 05/09/23 को शाम 18.30 बजे रसकलाल मैरिज गार्डन के सामने वाली गली में नीलेश जाटव की गोली मारकर हुयी हत्या में शामिल 11 वें 05 हजार रूपये के ईनामी आरोपी को दिनांक 16/01/23 को गिरफ्तार किया गया है।उक्त सराहनीय कार्यवाही में नगर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार उईके, निरीक्षक प्रदीप सोनी,एएसआई नरेन्द्र चौहान,प्रधान आरक्षक सोनेन्द्र राजावत,मनीष भदौरिया,राजेश मधुरिया,आरक्षक सन्दीप राजावत,सुभाष तोमर,भूपेन्द्र राजावत,अनिल जाट,मदन गोपाल, योगेन्द्र चौहान,ज्ञानेन्द्र मिश्रा,विष्णु तोमर, मदन गोपाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# थाना देहात पुलिस ने रतनूपुरा हत्याकाण्ड का 5000 रूपये के आरोपी को किया गिरफ्तार



दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक भिंड डॉ. असित यादव के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक, नगर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे अवैध शराब, अवैध हथियार, स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी व ईनामी फरारी आरोपी, गुण्डा बदमाशों पर धरपकड अभियान के तहत कार्यवाही जारी है, इसी तारतम्य में दिनांक 11/10/23 सुबह 07 बजे हनुमान मन्दिर के पास ग्राम रतनूपुरा में आरोपी ने अपने पुत्र के साथ मिलकर मृतक मेहताब की कुल्हाडी से गले पर वार कर मौत के घाट उतार दिया था था जिसमें पुत्र को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका था तथा पिता को आज थाना देहात पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। उक्त आरोपी पर पुलिस अधीक्षक भिण्ड द्वारा 05 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था । आरोपी बहुत ही शातिर किस्म का था जो घटना दिनांक से ही पुलिस से बचता रहा । लेकिन पुलिस की सक्रियता से आरोपी नहीं बच सका और रतनूपुरा के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।उल्लेखनीय कार्यवाही में देहात थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सोनी, उपनिरीक्षक विजय शिवहरे,प्रधान आरक्षक सोनेन्द्र राजावत,आरक्षक सन्दीप राजावत,सुभाष तोमर,भूपेन्द्र राजावत,अनिल जाट,मदन गोपाल, योगेन्द्र चौहान,ज्ञानेन्द्र मिश्रा,विष्णु तोमर,मदन गोपाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# संक्रान्ति महोत्सव पूर्व धूम-धाम से मनाया ललित डाकलिया बने अध्यक्ष

दैनिक पुष्पाजंली टुडे



बेंगलूरू। श्री ब्यावर संघ युवा शाखा द्वारा यहां संक्रान्ति के अवसर पर संक्रान्ति महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें ब्यावर शहर के अनेक? प्रवासी परिवारों ने साथ मिलकर खुशियां मनाई। कार्यक्रम में सदस्यों ने परस्पर सभी को सन्क्रान्ति के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयां दी। इससे पूर्व युवा? शाखा के समस्त सदस्यों की साधारण सभा आयोजित की गई जिसमें आगामी दो? वर्षों के लिए ललित डाकलिया को पुनः अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष विकास खटोड़ ने अध्यक्ष पद हेतु ललित डाकलिया का नाम प्रस्तावित किया जिसे युवा? शाखा के समस्त सदस्यों ने एक सुर में समर्थन प्रदान किया। बैठक के प्रारम्भ में मनीष बाफना और? नरेश बोहरा द्वारा मंगलाचरण के पश्चात पधारे हुए समस्त सदस्यों का स्वागत अभिनंदन करते हुए ललित डाकलिया ने सम्पूर्ण कार्यकारिणी का सहयोग प्रदान करने हेतु आभार व्यक्त किया। महामंत्री कुलदीप छाजेड़ ने पिछले दो? वर्षों के कार्यकाल का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए युवा शाखा द्वारा किए गए कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की। कोषाध्यक्ष नमित कोठारी और सहकोषाध्यक्ष भरत कोठारी ने आय व्यय का हिसाब किताब प्रस्तुत किया जिसे सभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया। सभा के दौरान प्रतीक गादिया, मनीष बाफना, सुशील बाफना, वर्धमान श्रीश्रीमाल, लकी बोहरा, कुनाल मरलेचा, मनीष मेडतवाल आदि सदस्यों ने युवा शाखा बनने के पश्चात किए गए कार्यक्रमों के बारे में बताया। सभा में उपस्थित ब्यावर संघ के अध्यक्ष पदमचंद बोहरा ने नव नियुक्त युवा अध्यक्ष का माला से अभिनन्दन किया और आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रदान की और कहा कि ब्यावर संघ और युवा शाखा मिलकर संघ की गरिमा को उत्तरोत्तर प्रगति की और लेकर जाने का लक्ष्य रखना होगा। ब्यावर संघ के अरविन्द कोठारी और अरविन्द खिंवसरा ने भी शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि हमें संघ समाज में समर्पण की भावना से कार्य करते हुए कार्यों को आगे बढ़ाना होगा। कार्यक्रम का सफल संचालन अरिहन्त छाजेड़ ने किया। बैठक में विनोद बाफना, हेमन्त गुलेच्छा, रोहित बोहरा, अमित डांगी, चेतन रेदासनी, दिलीप हिंगड, दिनेश खींचा, जितेन्द्र खिंवसरा, महावीर गुगलिया, प्रवीन कक्कड़ के साथ अनेक युवा? शाखा सदस्य उपस्थित थे। कार्यकारिणी का विस्तार शीघ्र ही किया जाएगा। स्वरुचि भोज में मनवार केटरर्स का सहयोग रहा।

# नगर के मंदिरों की करें साफ सफाई एवं रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन जलाएं दीपक लाल सिंह आर्य

दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर
पहलवान सिंह राजावत



मालनपुर /अयोध्या धाम में 22 जनवरी को होने जा रही भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में मंगलवार को मालनपुर नगर के धार्मिक स्थल ठाडेश्वरी मंदिर पर अनुसूचित जाति राष्ट्रीयके अध्यक्ष पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य ने स्वच्छता अभियान चलाया अभियान के तहत नगर परिषद की टीम ने मंदिर परिसर में साफ सफाई करते हुए कचरे को उठाया गया जिसमें लाल सिंह आर्य ने कहा की स्वच्छता ही सबसे बड़ी सेवा स्वच्छता में ही भगवान का निवास रहता है उन्होंने कहा कि ऐसा मालनपुर में एक भी मंदिर ना रहे जिसकी साफ सफाई ना हो मैं मालनपुर के समस्त कार्यकर्ताओं एवं समस्त ग्राम वासियों नगर वासियों से अपील करता हूं कि अपने मोहल्ले वार्ड में बने मंदिर की साफ सफाई कर 22 जनवरी को श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा के दिन मंदिरों को सजाए और भजन कीर्तन करें अपने अपने घरों में पांच दीपक अवश्य जलाएं जिस प्रकार हम अपने घर को साफ रखते हैं उसी प्रकार गली और मोहल्ले के मंदिरों को साफ रखें शबरी और श्री राम के प्रसंग पर प्रकाश डाला कहा कि शबरी अपने निवास स्थान को बड़ा स्वच्छ और साफ रखती थी इसलिए श्री राम को वहां जाना पड़ा था स्वच्छता ही सेवा है और कहा कि राम मंदिर के लिए साढ़े तीन लाख लोगों ने बलिदान दिया है आज हम और आप बड़े भाग्यशाली हैं जो कि श्री रामलला 22 को श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बनेंगे यह हम सबके लिए बड़ी गौरव की बात है इस मौके पर मौजूद रहे नगर परिषद सीएमओ यशवंत राठोर नगर परिषद अध्यक्ष राजश्री मुकेश किरार भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता रामकुमार शर्मा मालनपुर नगर परिषद स्वच्छता इंस्पेक्टर राघवेंद्र शर्मा जितेंद्र शर्मा, पूर्व मंडी अध्यक्ष मेहताब सिंह गुर्जर,कमल सिंह तोमर, मालनपुर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र गोड़, मालनपुर पार्षद होतम सिंह, माया देवी दिनेश सिंह, उदय सिंह कुशवाह, रोकी जैन, बृजेश सिंह, मोहर सिंह, एवं नगर परिषद की समस्त टीम मौजूद रही

# धर्म गुरु दीवान माधवसिंह जी एवं संत श्री योगेश जी महाराज के सानिध्य में समाज की प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

## सिर्वी समाज की प्रथम सामाजिक जनगणना पुस्तिका और एप का अतिथियों के कर कमलों से हुआ

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सेंणचा**

बालीपुर।अखिल भारतीय सिर्वी महासभा मध्य प्रदेश के तत्वावधान में 14 जनवरी रविवार को बालीपुर धाम में सिर्वी समाज का प्रांतीय स्तरीय सम्मेलन का आयोजन समाज के धर्मगुरु दीवान माधवसिंह जी राठौर बिलाड़ा एवं श्री धाम बालीपुर के संत योगेश जी महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। मंचासीन धर्म गुरु दीवान साहब,संत योगेश जी महाराज, बाबा मंडली के महेन्द्र महाराज,बालीपुर सिर्वी समाज के वरिष्ठ पंच धन्नाराम काग, प्रान्तीय अध्यक्ष सीए भगवान लछेटा, महासचिव कान्तिलाल गेहलोत,धर्म एवं समाज सुधार सचिव गंगाराम जी चोयल, शिक्षा सचिव नरेन्द्र जी सिर्वी, जिलाध्यक्ष राधेश्याम मुकाती, महिला संगठन प्रान्तीय अध्यक्ष अनिता चोयल, महासचिव डॉक्टर जया मुकाती, जिलाध्यक्ष ललिता पंवार ने आई माताजी का पूजन व आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वागत उद्बोधन जिलाध्यक्ष राधेश्याम मुकाती ने दिया। प्रान्तीय सम्मेलन में प्रतिभा सम्मान प्रभारी युवा संगठन प्रदेश प्रतिनिधि लखन काग गंधवानी, डॉक्टर सुनील जी सेप्टा कुक्षी,युवा संगठन जिलाध्यक्ष नरेन्द्र देवड़ा बालीपुर, महासचिव विशेष भायल कुक्षी एवं विशेष सहयोगी तहसील अध्यक्ष संदीप सेप्टा व युवा संगठन तहसील अध्यक्ष हरीश लछेटा के नेतृत्व में चयनित समाज की विभिन्न विधाओं में पारंगत प्रतिभाओं का सम्मान किया गया वहीं जनगणना संयोजक शेखर भायल, इंजीनियर




अशोक राठौर, मुकेश गेहलोत के नेतृत्व में निर्मित सिर्वी समाज की प्रथम जनगणना पत्रिका सिर्वी परिवार का विमोचन भी हुआ। इसी के साथ समय अनुसार आवश्यक सामाजिक बदलाव पर महत्वपूर्ण निर्णय के साथ समाज जनों को दिशा निर्देश प्रदान किए गये जिससे आने वाले समय में समाज आर्थिक लाभ के साथ उन्नति के पथ पर अग्रसर होगा। समाज के इस महाकुंभ में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों व तहसील सहित ग्राम स्तर के समाज बन्धु एवं मातृशक्ति व युवा वर्ग बढ़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रान्तीय अध्यक्ष सीए भगवान लछेटा ने समाजजनों को संबोधित करते हुए सामाजिक जनगणना, प्रान्तीय शिक्षा एवं सहायता कोष व समयानुसार आवश्यक बदलाव पर विभिन्न क्षेत्रों से मिले सुझाव के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बदलाव के प्रमुख बिन्दु सदन में रखे। धर्म गुरु दीवान साहब ने उपस्थित समाजजनों से समयानुसार बदलाव पर चर्चा करते हुए। प्रस्तावित बिन्दुओं पर हाथ उठाकर समर्थन प्राप्त के आधार पर उन्हें लागू करने के दिशा निर्देश देकर समाज में इन्हें प्रभावी रुप से अमल करवाने में स्थानीय पंचो व महिलाओं की विशेष भूमिका पर जोर दिया। इस अवसर पर सिर्वी संदेश चेरिटेबल संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट कानाराम चोयल, नशामुक्ति अभियान के गोपाराम जोधपुर, केन्द्रीय समिति के वरिष्ठ सदस्य,विभिन्न सामाजिक ट्रस्ट व संस्थाओं के पदाधिकारी, प्रान्तीय, जिला व तहसील संगठन पदाधिकारी, महिला संगठन प्रान्तीय, जिला व तहसील पदाधिकारी, युवा संगठन प्रदेश प्रतिनिधि,जिला व तहसील पदाधिकारी सहित विभिन्न क्षेत्र के ग्रामीण इकाई पदाधिकारी व समाज के पंचगण ओर सक्रिय समाजसेवी और पत्रकार बन्धु उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी हेमन्त

गेहलोत,पत्रकार मुकेश गेहलोत, डॉक्टर शताब्दी गेहलोत,पूजा मुकाती ने किया व आभार प्रान्तीय महासचिव कान्तिलाल गेहलोत ने माना। जनगणना व प्रतिभा सम्मान प्रभारीयो, विज्ञापन दाताओं, विभिन्न सामाजिक ट्रस्ट एवं शैक्षणिक संस्थाओं के अध्यक्ष सहित सभी जिलाध्यक्ष व तहसील अध्यक्षो का सम्मान हुआ। सम्मेलन में जनगणना, सामाजिक बदलाव पर चर्चा व प्रान्तीय शिक्षा एवं सहायता कोष में अपने क्षेत्र में अहम भूमिका निभाने वाले प्रदेश के सभी जिलाध्यक्ष व तहसील अध्यक्षो, विभिन्न सामाजिक ट्रस्ट एवं शैक्षणिक संस्थाओं के अध्यक्ष सहित विज्ञापन दाताओं का विशेष रूप से सम्मान किया गया। प्रान्तीय सम्मेलन को सफल बनाने में बालीपुर सिर्वी समाज सकल पंच व महिला संगठन एवं युवा संगठन सहित स्थानीय समाजजनों का सराहनीय योगदान रहा। उक्त जानकारी अखिल भारतीय सिर्वी महासभा मध्यप्रदेश के मीडिया प्रभारी हीरालाल सिर्वी कापसी ने दी।

# बजरंग क्रिकेट टूर्नामेंट के फाईनल में बड़ागाँव धसान की टीम रही विजेता

**विवेक राय की रिपोर्ट**

टीकमगढ़। बड़ागाँव धसान तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम ककरवाहा में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का फाइनल मुकाबला बड़ागाँव एवं ककरवाहा के बीच खेला गया जिसमें ककरवाहा ने पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 129 रन बनाए।वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए बड़ागाँव की टीम ने 15.4 ओवर में मात्र 131 रन में अपनी जीत दर्ज की । इस टूर्नामेंट मे मुख्य अतिथि के रूप मे टीकमगढ़ विधानसभा विधायक यादवेंद्र सिंह बुन्देला उर्फ जग्गू भईया रहे ।वही विशिष्ट अतिथि के रूप में क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष पर्वत राय,सूर्यप्रकाश मिश्रा,बाबूलाल राय ,नारायण दास यादव,कैलाश जैन,भागीरथ बुनकर सरपंच ककरवाहा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# गोहद की विभिन्न समस्याओं एवं बिजली घर के घेराव को लेकर कांग्रेस ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

गोहद। विधानसभा क्षेत्र गोहद में व्याप्त जनसमस्याओं के निराकरण एवं बिजलीघर के घेराव को लेकर विधायक केशव देसाई के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को गोहद एसडीएम पराग जैन को ज्ञापन देकर व्याप्त जनसमस्याओं के निराकरण की मांग की हैकांग्रेस पार्टी द्वारा ज्ञापन के माध्यम से जनसमस्याओं के बारे मे अवगत कराते हुए बताया कि गोहद में निम्न समस्याएँ विकराल रूप से व्याप्त है जिस पर ध्यान नहीं दिये जाने से जनजीवन अस्त व्यस्त है जिसमें बिजली विभाग द्वारा अघोषित विद्युत कटौती से लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बिजली विभाग की मनमानी के कारण मनमाने एवरेज बिल लोगों को थमाये जा रहे है जिससे आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ नगर पालिका में स्थायी सी.एम.ओ. न होन के कारण लोगों के कार्यो के साथ साथ नगर का विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। इसके अलावा नहरों से सिंचाई के



लिये पानी नहीं छोड़ा जा रहा है जिससे किसान परेशान हैं। और आवारा गायों के कारण किसान अपनी फसलों की रखवाली एवं सड़कों पर बैठे होने के कारण आये दिन एक्सीडेंट हो रहे हैं। बंद पड़ी गौशाला को चालू करवाया जाये।ज्ञापन में कहा गया है कि उक्त समस्याओं का उचित एवं स्थायी समाधान 03 दिवस के अंदर कराया जाये। अगर 03 दिवस के अन्दर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आगामी दिनांक 19 जनवरी 2024 को बिजली घर पर तालाबंदी कर विधायक केशव देसाई की अगुवाई में आंदोलन किया जावेगा। ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष गुर्जर, कार्यकारी अध्यक्ष गणेशराम शर्मा, नगर अध्यक्ष विजय टोनी मुद्गल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मंजू जगदीश माहौर, कुलदीप गुर्जर, मुन्नी भटेले, भगवती प्रसाद शर्मा, प्रमोद शुक्ला, अमर सिंह जाटव, कैलाश माहौर, महेश कौशल, सोनू भटनागर, रागिनी चौहान, सरोज बाल्मिक, केशव सिंह गुर्जर, राजेंद्र सिंह परिहार, विजय निगम, देवव्रत चौधरी, उमाशंकर शर्मा, बृजेंद्र यादव, साबू खान, आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे

# श्रीराम मय काव्य गोष्ठी मकर संक्रांति पर सम्पन्न हुई मेरी तबाही का ज़रा मंजऱ तो देखो,जहां बन गया राम मंदर तो देखो-शायर सुरेश जायसवाल

सीहोर। मकर संक्रांति 14 जनवरी रविवार को आयोजित अखिल भारतीय श्रीराम मय काव्य गोष्ठी साहित्य साधना मंच सीहोर एवं जन परिषद सीहोर के तत्वावधान में स्वरांगन संगीत कला केन्द्र के सभा ग्रह सीहोर पर संचालक तरूण योगी के बिशेष आग्रह पर आयोजित की गई है।अयोध्या में 22 जनवरी को नवनिर्मित श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के अंतर्गत मकर संक्रांति पर्व पर काव्य गोष्ठी के स्वागताध्यक्ष डॉ अनीस खान अध्यक्ष -जन परिषद सीहोर के कुशल मार्गदर्शन में एवं साहित्य साधना मंच सीहोर के संस्थापक सुरेश जायसवाल के नेतृत्व में सोनीपत हरियाणा में आयोजित अ.भा.काव्य महोत्सव में सीहोर का प्रतिनिधित्व कर लौटी कवयित्री सुश्री यक्षस्वी पारिख के सम्मान में यह श्री राम मय काव्य गोष्ठी आयोजित की गई ।साहित्य साधना मंच के जिलाध्यक्ष आदित्य हरि गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य साधना मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक व्यग्र भोपाल तथा मुख्य अतिथि प्रमिला झरवडे भोपाल, विशिष्ट अतिथि गौरीशंकर शर्मा गौरीश भोपाल, गीतकार नारायण नवरंग सीहोर , सारस्वत अतिथि ग?लकार दिनेश भदौरिया भोपाल,अशोक सोनी सीहोर रहें। मंच संचालन गीतकार डॉ विजेंद्र जायसवाल ने किया। सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजन अर्चना की भोपाल से पधारी मधुर कंठ की कवयित्री रश्मि मिश्रा ने प्रस्तुत कर कार्यक्रम का आगाज किया।इस अवसर पर नारायण नवरंग ने अपने गीतों से वाह वाही लूटी, धर्मराज देशराज ने मिट्टी की महिमा पर अपनी ग?ल



पढ़ी, डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने नज़रों से नज़रें नज़रबंद रचना पढ़ी।लक्ष्मण चौकसे, हरिओम शर्मा, ऋषि राज मकरैया, ने चिरपरिचित अंदाज में रचना से शमां बांधा। मदन तन्हाई इटारसी ने बेहतरीन ग?ल सुनाई। इछावर के मन फूल बिल्लौरे मार्मिक गीत सुनाया, कवयित्री रश्मि मिश्रा, श्री मती रेणु शर्मा भोपाल कवयित्री डॉ किरण पांचाली इंदौर ने एक से बढ?र एक गीतो से महफ़िल को ऊंचाई पर पहुंचाया ,सुभाष चौहान सीहोर ने पतझड़ में कैसे सावन को सजायें ग?ल सुनाई,हरीश आर्य सीहोर ने वर्तमान परिदृश्य पर सुंदर व्यंग सुनाया, भैरुदा से गजानंद डिगोनिया, जिज्ञासु के रचना पाठ के बाद गीतकार आनंद पगारे भैरुदा ने किसानों पर रचना सुनाकर जबरदस्त धमाका किया। ओज कवि हरिओम हिंदूस्तानी ने राम वर्णन किया। आंसू युवा कवि डॉ. कपिल पंवार को उनकी रचनाओं पर खूब वाहवाही मिली। हरीश सोनी सीहोर ने गठरी बांध कर अयोध्या जायेंगे रचना सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। सुभाष जोशी, ओम प्रकाश तिवारी, तरूण योगी ने भी सुंदर रचनाये सुनाई। संस्थापक सुरेश जायसवाल ने वावरी मंजिद पर अपनी राममय ग?ल मेरी तबाही का ज़रा मंजऱ तो देखो, जहां बन गया राम का मंदर तो देखो। सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर तालियां बजाने पर मजबूर किया।संस्था के जिलाध्यक्ष आदित्य हरि गुप्ता ने बेटी पर बेहतरीन रचना पाठ किया। सीहोर की ही नवांकुर कवयित्री सुश्री यक्षस्वी पारिख ने अपनी रचना सुनाकर वाहवाही बटोरी। विशिष्ट अतिथि दिनेश भदौरिया शेष ने मनमोहक ग?ल सुनाई गौरीशंकर गौरीश ने सुंदर गीत सुनाये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अशोक व्यग्र ने ने बहुत ही सुन्दर गीतो से शमां बांधा।अंत में कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष डॉ अनीस खान ने आभार व्यक्त करते हुए अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर की सभी को बधाई दी।इसी अवसर पर सोनीपत हरियाणा में आयोजित अखिल भारतीय काव्य महोत्सव में सीहोर का प्रतिनिधित्व करने पर साहित्य साधना मंच सीहोर एवं जन परिषद सीहोर की ओर से यक्षस्वी पारिख एवं नेपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में सीहोर का प्रतिनिधित्व करने पर संस्थापक सुरेश जायसवाल का सम्मान किया गया।

# बाबुलाल बंजारा अध्यक्ष (केविनेट मंत्री दर्जा) ने नसरूल्लागंज तहसीलदार को दिये पारदी समाज को मदद के निर्देश



सीहोर। अ.जा.ज.पि.वर्ग अल्प.कल्याण परिषद के प्रदेश महामंत्री दलित नेता नरेन्द्र खंगराले ने बाबुलाल बंजारा अध्यक्ष (के विनेट मंत्री दर्जा) मध्य प्रदेश राज्य विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जाति विकास अभिकरण से मुलाकात कर ग्राम राला तहसील नसरूल्लागंज में 50 वर्षों से शासकीय कृषि भूमि को आबाद कर काबिज श्रीमती लहरा बाई, इसकुलिया बाई, बर्फीलाल पारदी समाज का कब्जा है तथा उक्त भूमि का जुर्माना भी भरते हैं एवं आस-पास के कई पारदी समाज के शासकीय पट्टे भी बनाये गये हैं। किन्तु उक्त समाज के लोगों को बेदखल कर मण्डी का निर्माण किये जाने हेतु बेदखल की कार्यवाही की जा रही है से अवगत् कराया। उक्त समस्या को देखते हुए बाबूलाल बंजारा द्वारा नसरूल्लागंज के तहसीलदार सौरभ से दूरभाष पर चर्चा करते हुए पारदी समाज के लोगों को बेदखल ना किये जाने के सम्बंध में निर्देश दिये तथा संभाग आयुक्त राजस्व भोपाल संभाग भोपाल को शीघ्र पारदी समाज के लोगों के पट्टे बनाये जाने हेतु पत्र लिखा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हर्ष सिंह सूरावत सरपंच जालिया प्रदेश सचिव विमुक्त घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजाति समाज, वरिष्ठ पत्रकार के.जी.बैरागी, समाजसेवी नारायण सिंह परमार, जसवंत सिंह, शिवराज, तीरसिंह, तुलसा बाई, तलवारिया बाई आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

**नरेन्द्र खंगराले**
**मो. 8349651690**

# जिला लीग फुटबॉल सेमीफाइनल मैच 18 व 19 जनवरी को



सीहोर। जिला फुटबाल संघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय जिला लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में दो सेमीफाइनल मैच स्थानीय चर्च ग्राउण्ड सीहोर में खेले जाएंगे। जिसमें प्रथम सेमीफाइनल मैच पुलिस बॉयज विरुद्ध आर्यन क्लब आष्टा के मध्य 18 जनवरी 2024 को शाम 4ः00 बजे से खेला जाएगा। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मैच सीहोर क्लब विरूद्ध सीहोर बॉयज के मध्य 19 जनवरी 2024 को शाम 4ः00 बजे से खेला जाएगा।

# यातायात जागरूकता एवं नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन








पुलिस मुख्यालय भोपाल मध्यप्रदेश के आदेश अनुसार संपूर्ण प्रदेश में सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य संपूर्ण प्रदेश में हर एक आम जन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है7 इसी क्रम में आज दिनांक 16-01-2024 को पुलिस अधीक्षक सीहोर श्री मयंक अवस्थी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गितेश गर्ग एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री निरंजन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी सूबेदार ब्रजमोहन धाकड़ के नेतृत्व में एएसजी नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से यातायात थाने पर निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया इस नेत्र परीक्षण में शहर के वाहन चालकों, ऑटो चालकों एवं पुलिस कर्मियों के नेत्रों का निशुल्क परीक्षण किया गया7 नेत्र परीक्षण के दौरान वाहन चालकों को यातायात थाने पर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया एवं अपील की वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें एवं नेत्रों का समय-समय पर परीक्षण करवाएं। पुलिस अधीक्षक सीहोर श्री मयंक अवस्थी द्वारा नेत्र परीक्षण शिविर का निरीक्षण किया एवं नेत्र परीक्षण करा रहे वाहन चालकों एवं पुलिसकर्मियों को समय-समय पर नेत्र परीक्षण करवाने की सलाह दी एवं आमजन से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की जिससे लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके इस मौके पर नगर पुलिस अधीक्षक सीहोर श्री निरंजन सिंह राजपूत, जिला परिवहन अधिकारी श्री रितेश तिवारी, एएसजी नेत्र चिकित्सालय से डॉक्टर अनिल परमार नेत्र विशेषज्ञ, टीआई कोतवाली श्री विकास खींची एवं यातायात थाने का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा इस नेत्र परीक्षण में कुल 145 वाहन चालकों एवं पुलिसकर्मियों का नेत्र परीक्षण किया गया

# दिल्ली में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने की ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



दिल्ली/भिण्ड । मध्यप्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला एक दिवसीय प्रवास पर देश की कैपिटल दिल्ली पहुंचे। मंत्री श्री शुक्ला ने भारत सरकार के केंद्रीय विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से सौजन्य भेंट की। दोनों नेताओं के बीच ग्वालियर - चंबल के विकास के साथ नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के प्रदेश में विकास के आगामी चरणों पर विस्तृत चर्चा हुई।गौरतलब है,कि नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा को लेकर प्रधानमंत्री श्री मोदी के सौर ऊर्जा विजन 2030 तक पूरे देश में 40त्न ऊर्जा (बिजली) उत्पादन गैरपरंपरागत स्रोतों से करने का लक्ष्य रखा गया है। दोनों नेताओं ने मध्यप्रदेश में सौर ऊर्जा के रोडमैप पर भी चर्चा की।

# देवतालाब शिव मंदिर में 22 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए बैठक संपन्न

**रीवा (पुष्पांजली टुडे )**



कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में देवतालाब शिव मंदिर प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 22 जनवरी को आयोजित होने वाले वृहद कार्यक्रम के बारे में विस्तृत में चर्चा की गई। बैठक में लोगों से धार्मिक कार्य में बढ़-चढञकर भाग लेने का आग्रह किया गया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम के साथ धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन एवं भंडारे के आयोजन की बात कही गई। इस दौरान कलेक्टर ने पर्यटन विभाग द्वारा बनाए जा रहे शिव मंदिर परिक्रमा क्षेत्र एवं अन्य निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया तथा बेहतर निर्माण कार्य के साथ अन्य सुविधाजनक निर्माण कार्यों को कराने के निर्देश दिए मंदिर के उत्तरी छोर के मुख्य दरवाजे पर सी?ी के निर्माण के साथ बड़े गेट के साथ एक छोटा गेट भी लगाए जाने के लिए निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया गया। शिवकुण्ड की सफाई के लिए भी निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने व्यापारियों से पॉलिथीन की जगह बांस की बनाई गई छोटी-छोटी टोकनियों में प्रसाद देने की बात कही। इससे प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी और बांस शिल्पकारों को आर्थिक मजबूती भी मिलेगी। साथ ही लघु और कुटीर उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके बाद शिव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुन्नालाल चौरसिया, एसडीएम मऊगंज बीके पाण्डेय, तहसीलदार मऊगंज सौरव मरावी, प्रभारी तहसीलदार देवतालाब मानसिंह आर्मो, स्थानीय सरपंच सरिता सिंह सहित आनंद सिंह, सुरेंद्र सिंह चंदेल, दीपेश बड़ौलिया, अखिलेश सिंह, महेंद्र सिंह, नारायण गुप्ता, वीर बहादुर सिंह, केके मिश्रा डॉ ब्राम्हप्रकाश शुक्ला, शिवकुमार शुक्ला, राजेश कठेल तथा मंदिर के पुजारी, व्यापारी, गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# श्रीराम मंदिर अयोध्या में स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व जिले में विभिन्न गतिविधियों का होगा आयोजन

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।**

श्रीराम मंदिर अयोध्या में स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को की जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिले में 16 जनवरी को चिरहुला नाथ मंदिर में वृहद रूप से हनुमान जी की आरती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी दिन से श्रीराम कथा सप्ताह का भी शुभारंभ किया गया। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर श्रीमती संस्कृति जैन ने बताया कि श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व 17 जनवरी को चार संस्थाओं में वैचारिक विमर्श का आयोजन किया गया है। इनका आयोजन अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय, टीआरएस कालेज तथा संस्कृत महाविद्यालय रीवा में किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के आयोजन के लिए संबंधित संस्था प्रमुखों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रभातफेरी कार्यक्रम का आयोजन 18 जनवरी को मार्तण्ड स्कूल क्रमांक तीन मैदान में किया जाएगा। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी तथा संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद को दायित्व दिया गया है।प्रभारी कलेक्टर ने बताया कि 19 जनवरी को नगर निगम रीवा के टाउन हाल में आकांक्षी जनों के लिए वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजित किया जाएगा। शिविर के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तैनात किया गया है। श्रीराम के जीवन पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन 20 जनवरी को किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी प्राचार्य डाइट को दी गई है। युवा एवं खेलकूद विभाग द्वारा रन फार राम थीम पर आधारित मैराथन का आयोजन 21 जनवरी को सुबह किया जाएगा। इसी दिन अपरान्ह में चिरहुला मंदिर से लक्ष्मण बाग मंदिर तक कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की जिम्मेदारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग तथा संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद को सौंपी गई है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी के दिन जिले में भण्डारा, रंगोली तथा दीपदान एवं आरती के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वृहद भण्डारे का कार्यक्रम प्रमुख मंदिरों में जन सहयोग से किया जाएगा। इसके लिए तहसीलदार हुजूर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। भगवान राम के जीवन दर्शन पर आधारित पुष्प रंगोली कार्यक्रम की जिम्मेदारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को दी गई है। एसडीएम हुजूर और जिला कार्यक्रम अधिकारी को पचमठा आश्रम में वृहद दीपदान एवं बीहर नदी आरती के कार्यक्रम का दायित्व सौंपा गया है।

**सहकारी संस्था के संचालक मण्डल का निर्वाचन पूर्ण कराएं**-रीवा 16 जनवरी 2024. विपणन सहकारी समिति मर्यादित बैकुण्ठपुर के संचालक मण्डल के निर्वाचन के लिए वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक शैलेश मालवीय को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया था। विधानसभा निर्वाचन 2023 की आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण संचालक मण्डल के निर्वाचन के लिए नामांकन पत्र प्राप्त नहीं किए जा सके, जिसके कारण निर्वाचन नहीं कराया जा सका। इस संबंध में मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एमबी ओझा ने संशोधित निर्वाचन कार्यक्रम जारी करते हुए रिटर्निंग अधिकारी को संस्था के संचालक मण्डल के निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। जारी संशोधित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र 23 जनवरी को प्रस्तुत किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जाँच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन 24 जनवरी को किया जाएगा। नामांकन पत्रों की वापसी, उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन तथा चुनाव चिन्हों का आवंटन 25 जनवरी को किया जाएगा। मतदान एवं मतगणना के लिए 30 जनवरी की तिथि निर्धारित की गई है।

# इंडियन ऑयल बॉटलिंग प्लांट मलानपुर ( कोसन क्रिसपलांट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड )के सहयोग से प्लांट के अधिकारियो कर्मचारियों सिक्योरिटी गॉर्ड ड्राइवर्स एबं वर्कर्स हेतु हेल्थ चेक अप कैंप का किया आयोजन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर।फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ग्वालियर शाखा द्वारा आज इंडियन आयल बॉटलिंग प्लांट मलानपुर (कोसन क्रिसप्लांट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ) के सहयोग से आज उनके वर्कर्स हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में इंडियन ऑयल बॉटलिंग प्लांट मलानपुर (कोसन क्रिस्पलेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड )की ओर से प्लांट प्रबधक श्री मोहम्मद अकरम जी एवं श्री तुषार व्यास जी उपस्थित थे।कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में प्लांट के सेफ्टी अधिकारी श्री अर्पित शिवहरे जी एबं जी उपस्थित थे.साथ ही श्री देवेश ठाकुर जी भो उपस्थित थे..कार्यक्रम में कार्यक्रम की



अध्यक्षता संस्था की शाखा प्रबंधक श्रीमती नीलम दीक्षित जी द्वारा की ।उन्होंने सभी को संस्था की गतिविधियों पर जानकारी दी।साथ ही उन्होंने परिवार नियोजन पर भी जानकारी दी।शिविर का संचालन संस्था के कार्यक्रम अधिकारी श्री अच्छेद्र सिंह कुशवाह द्वारा किया साथ ही उन्होंने सभी समान्य बोमारियों से बचाव भी जानकारी दी..शिवरि के माध्यम से प्लांट के अधिकारियो , कर्मचारियों सिक्योरिटी गॉर्ड एबं ड्राइवर्स सभी का सम्पूर्ण स्वास्थ्य परिक्षण किया गया..कर्मचारियों के स्वास्थ्य का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ पीयूष गौर द्वारा किया।शिविर में कर्मचारियों का नेत्र रोग परीक्षण डॉ राम किशोर शाक्य द्वारा मशीन से किया गया।शिविर में कर्मचारियों का दंत रोग का परीक्षण किया डॉ वरुण शर्मा जी द्वारा किया कार्यक्रम में श्री लब तकनीशियन देवप्रकाश समोलिया जी द्वारा सभी की खून एवं पैथोलॉजी की जांच की गई।शिविर के माध्यम से कुल 80 कर्मचारियों एवम दस ड्राइवरों का स्वास्थ्य परिक्षण किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्लांट की और से देवेश ठाकुर जी का मुख्य योगदान रहा।कार्यक्रम के अंत में रवि शंकर द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

# अटल बिहारी वाजपेयी - इंडियन इंस्टिट्यूट ऑड़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट ग्वालियर में दो दिवसीय एलुमनाई मीट का विधिवत समापन







**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर।अटल बिहारी वाजपेयी - इंडियन इंस्टिट्यूट ऑड़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट ग्वालियर में दो दिवसीय एलुमनाई मीट के दूसरे दिन 16 जनवरी, 2024 की शुरुआत वृक्षारोपण से शुरू हुई जिसमें संस्थान के सम्माननीय निदेशक महोदय प्रोफेसर श्री निवास सिंह एवं एलुमनाई मीट के मुख्य संयोजक प्रोफेसर अनुराग श्रीवास्तव डीन ऑड़ एलुमनाई एंड एक्सटर्नल रिलेशन्स की गरिमामयी उपस्थिति रही। वृक्षारोपण के पश्चात एलुमनाई मीट के कार्यक्रमों की श्रंखला में संस्थान के सम्माननीय निदेशक महोदय एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के उद्बोधन प्रस्तुत किये गए। संस्थान के सम्माननीय निदेशक महोदय ने पिछले दो वर्ष से संस्थान में हुए कार्यों एवं आने वाले वर्ष में होने वाले कार्यों को बताया। निदेशक महोदय ने एलुमनाई से समय समय पर संस्थान आने एवं वर्तमान छात्रों के सर्वांगीण एवं चहुमुखी विकास में अपना योगदान देने को कहा। निदेशक महोदय ने एलुमनाई को संस्थान का एक महत्वपूर्ण स्तम्भ बताया। तत्पश्चात आये हुए एलुमनाई ने अपने एक्सपेरिंस को शेयर किया। इसके बाद बूट कैंप कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके बाद एलुमनाई ने संस्थान के छात्रों के लिए पर्सनालिटी डेवलपमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। संस्थान के सम्माननीय निदेशक महोदय द्वारा इस वर्ष उत्कृष्ट एलुमनाई के लिए अवार्ड भी दिए गए। मिस्टर अभिषेक गुप्ता मास्टर ऑड़ बिड़नेस एडमिनिस्ट्रेशन 2002-04 बैच को डिस्टिंगुइषड एलुमनाई ऑड़ ईयर अवार्ड फॉर इंडस्ट्रीज , मिस्टर अनुराग उपाध्याय आई पी ड़ी 2007-12 बैच को डिस्टिंगुइषड एलुमनाई ऑड़ ईयर अवार्ड इन गवर्नेंस एवं डॉ प्रशांत सिंह राणा एम टेक 2005 - 07 बैच को डिस्टिंगुइषड एलुमनाई ऑड़ ईयर अवार्ड इन एकेडेमिक्स से नवाड़ा गया। सायंकाल में ड़ड़ल नाईट के साथ एलुमनाई मीट 2024 का रंगारंग समापन हुआ। एलुमनाई मीट के मुख्य संयोजक प्रोफेसर अनुराग श्रीवास्तव डीन ऑड़ एलुमनाई एंड एक्सटर्नल रिलेशन्स हैं। उक्त जानकारी संस्थान की मीडिया प्रभारी श्रीमती दीपा सिंह सिसोदिया के द्वारा दी गई।

# 22 जनवरी को नया बाजार में होगी भावार्थ सुंदरकांड कथा एवं महाआरती,सर्व धर्म एकता मंच करेगी एक शाम राम के नाम कार्यक्रम



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में 22 जनवरी को शाम 6ः00 बजे श्री बालाजी सरकार हनुमान मंदिर नया बाजार पर ÷एक शाम राम के नाम÷ भावार्थ श्री सुंदरकांड कथा एवं महाआरती÷ का आयोजन किया जाएगा। सर्व धर्म एकता मंच की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के लिए मंगलवार को सुंदरकांड वक्ता एवं गायक पं. अंकित शर्मा को समिति द्वारा नारियल देकर आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर धीरेंद्र चौबे, धीरज बंसल, पं.देवेश शर्मा, कपिल भार्गव, डॉ सूर्यकांत अग्निहोत्री, एड. आदित्य भार्गव आदि उपस्थित रहे। वहीं आयोजन समिति के कपिल भार्गव ने बताया कि मंच की ओर से शहर में अलग-अलग चांदी के पात्र पर पूजित अक्षत वितरित किए जा रहे हैं।

# चांचौड़ा के वार्ड क्रमांक 5 , अहीर मोहल्ला

**योगेश शर्मा राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

चौरा के वार्ड क्रमांक 5 अहिर मोहल्लामें छतरी वाले हनुमान जी मंदिर पर अयोध्या उत्सव मनाने हेतु बैठक आयोजित हुई जिसमे मंदिर की पुताई,शिखर पर कलश स्थापना पूरे मोहल्ले को रामजी एवं भगवा ध्वज से सजाने बन्दर बार लगाने , अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के समय छप्पन भोग ,आरती, प्रसाद वितरण एवं भव्य आतिशबाजी की जाएगी । तीन दिन अनवरत श्रीराम धुन संकीर्तन भजन होगा ।चांचौड़ा नगर एवं अन्य ग्रामो की भजन मंडलियों को आमंत्रित किया गया है एवम समापन पर भंडारा किया जाएगा अपने मोहल्ले को अयोध्या बनाया जाएगा।



# जनहित से संबंधित नहीं है विवाद दीवार पर अब नहीं कराया जाएगा कोई भी कार्य

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** -प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड शिवपुरी के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश वंशिका गुप्ता ने अपने एक अहम फैसले में मोहन दास गुप्ता पुत्र बद्री प्रसाद गुप्ता ने अतीख खा पुत्र लतीख खां उम्र 65 वर्ष के प्रकरण में स्वीकृत तथ्य यह है कि वादी द्वारा अपना भवन निर्माण किया गया है, व वादी के भवन की दीवार से लगा हुआ उत्तर दिशा में प्रतिवादी का मकान है। इस मामले के निर्णय सुनाते हुए कहा है कि वादी के दावे को निरस्त करते हुए वादी प्रतिवादी की छत पर नहीं जाएगा और न ही स्वयं की दीवार पर पहरा लगवा कर प्लास्टर कराने से प्रतिवादी की छत को छतिग्रस्त करेगा साथ ही प्रतिवादी का वाद बह वहन करेगा। उक्त मामले में प्रतिवादी की ओर से पैरवी पंकज आहूजा, विनोद शर्मा, राशिद जाफरी, चन्द्रशेखर भार्गव, आयूषी राणा, आकाश जैन ने पैरवी की । अभियोजन के अनुसार उक्त पूरे भूखण्ड पर निर्माण कार्य कर वादी व वादी की पत्नी ने तीन मंजिला भवन बनवाया है जिसकी उत्तर दिशा की दीवार (जिसे निर्णय में आगे विवादित दीवार के नाम से संबोधित किया जाएगा।) पर वादी द्वारा किसी कारण से प्लास्टर नहीं करवाया गया जिसकी वजह से बरसात का पानी दीवार में बैठ रहा है व मकान में अन्दर की दीवार फूल रही है तथा दरारें आ गयी है। उक्त दीवार में प्लास्टर कराया जाना आवश्यक है, अन्यथा दीवार के क्षतिग्रस्त होने की एवं जनहानि होने की संभावना है। लेकिन न्यायालय द्वारा सुनाए गए आदेश में साफ जाहिर है कि जैसी स्थिति में दीवार हैं वह वैसी ही स्थिति में रहेगी। किसी भी प्रकार प्रतिवादी के मकान में कोई क्षति नही पहुंचाई जाएगी यह साफ जाहिर है कि यह दावा कोई भी जनहानी से संबंधित नहीं है।

# जनकल्याणकारी दिवस के रूप मैं मनाया बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश मायावती जी का 68 वा जन्म दिन

**अनिल कुशवाह**






**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** बसपा की राष्टीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की 68 वें जन्मदिन के अवसर को जनकल्याणकारी दिवस के रूप मे मनाया गया इस पर जिला अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी जिला शिवपुरी धनीराम चौधरी ने बताया की दिनांक 15 जनवरी 2024 को प्रातः 11ः00 बजे परम बहन कुमारी मायावती जी राष्टीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की 68 वें जन्मदिन के अवसर पर जनकल्याणकारी दिवस समारोह का आयोजन एचडीएफसी बैंक के सामने माधव चौक चौराहा शिवपुरी में किया गया जिसके मुख्य अतिथि- माननीय रमेश डावर जी पूर्व प्रदेश प्रभारी एवं जिला प्रभारी गुना बसपा एवं विशेष अतिथि माननीय सुआलाल जाटव जी जिला प्रभारी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय धनीराम चौधरी जिला अध्यक्ष बसपा ने की इसी क्रम में मुख्य माननीय रमेश डावर जी पूर्व प्रदेश प्रभारी ने अपने उद्बोधन में कहा गया की भाजपा पार्टी शाम दंड भेद लाडली बहना योजना का उपयोग कर सत्ता प्राप्त कर रही है ईवीएम मशीनों में घोटाला कर जीत हासिल कर लेती है जबकि पुरानी पद्धति के अनुसार वैलेट पेपर से चुनाव कराकर देखें बहुजन समाज पार्टी की सरकार सम्पूर्ण प्रदेशो में होगी आज जो चुनाव के नतीजे परिणाम चौंकाने वाले आए हैं जबकि भाजपा सरकार पहले ही बसपा के चुनाव में रेलियों के माध्यम से आम सभा चुनाव बड़ी भीड़ के साथ जनता का प्रदर्शन किया जा रहा था जिस वजह से ईवीएम मशीनों में घोटाला कर मध्य प्रदेश में सरकार प्राप्त की है अगर इस तरह होता रहा तो लोकतंत्र की हत्या ही समझे गरीब सोशल पीड़ति लोगों के लिए किसी प्रकार की कोई सुविधा के माध्यम से प्रदेश में खासकर शिवपुरी जिले में माधव चौराहे पर हजारों की भीड़ में पड़े लिखे नौजवान शिक्षित बेरोजगार हजारों की संख्या में रोजी-रोटी के लिए खड़े रहते हैं लेकिन भाजपा सरकार ने ध्यान न देते हुए लाडली बहना योजना चलाकर महिलाओं के वोट हासिल किए हैं जबकि गरीब मजदूर ठेला चलाने वाले लोग काफी परेशान है इनकी दोहरी नीति को अब लोग समझ चुके हैं आने वाले लोकसभा चुनाव में इसका भरपूर बदला लेंगे अगर बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनती है तो उत्तर प्रदेश की भांति गरीब मजदूर शोषण पीड़तिों के लिए रोजगार औद्योगिक धंधे मिल फैक्ट्रियां शिक्षा के मामले में पॉलीटिकल कॉलेज मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे अगर दलितों का भला कर सकती है तो बहुजन समाज पार्टी कर सकती है जी के आदेश पर पूरे देश में 15 जनवरी को जन कल्याणकारी दिवस के रूप में हैप्पी बर्थडे मनाया गया मंच पर केक नहीं काटा गया और सभी बसपा के कार्यकर्ताओं ने अपने घर जाकर अपनी फैमिली के साथ माननीय बहन जी का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया हजारों की संख्या में बसपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

# 22 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर के गर्भ गृह में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में शुष्क दिवस घोषित करने का निर्णय लिया है। इस दिन प्रदेश में भांग, शराब एवं सभी प्रकार के मादक पदार्थो की दुकानें बंद रहेगी। अयोध्या में भव्य कार्यक्रम होगा जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा है कि पूरा देश इस कार्यक्रम को लेकर रोमांचित है। मध्य प्रदेश सरकार भी जन भावनाओं के साथ है।

# 22 जनवरी तक मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे बीएलओ

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 कार्यक्रम की गतिविधियां गत 6 जनवरी से शुरू हो गई है। जिले में 06 जनवरी से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नए नाम जो?ने, वोटर लिस्ट में संशोधन, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के आवेदन लिए जा रहे हैं। जो युवा 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जु?वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही 01 अप्रैल, 01 जुलाई और 01 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। समस्त बीएलओ द्वारा अपने-अपने मतदान केंद्रों पर 22 जनवरी तक उपस्थित रहकर मतदाताओं का नाम जो?ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन लिए जाएंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जु?वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है।ऑफलाइन आवेदन के लिए बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। दिनांक 08 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# सभी प्रकार की सुविधाएँ गरीब तक पहुंचाने की गारंटी है विकसित भारत संकल्प यात्रा : डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा गरीब व्यक्ति के घर-घर तक शासन की योजनाओं का लाभ और सुविधाओं को पहुंचाने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर डबल इंजन वाली सरकार प्रदेश के विकास में नये-नये कीर्तिमान बनायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को सतना जिले के मझगवां विकासखंड के दूरस्थ आदिवासी बाहुल्य गांव पटनाखुर्द में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ भी वितरित किये।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सतना जिले के चित्रकूट की इस धरती पर भगवान श्रीराम ने वनवास के दारौन 11 वर्षों तक निवास किया। वनवासियों को गले लगाया और माता शबरी के जूठे बेर खाकर मानवता को धन्य किया। उन्होंने कहा कि यह आचरण केवल सनातन धर्म में ही मिलता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय चित्रकूट, सतना और अयोध्या के लिये अलौकिक और अद्वितीय है। यहां 22 जनवरी को भगवान श्रीरामलला अपनी जन्मभूमि में विराजमान होने वाले हैं और यह पवित्र कार्य देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी की उपस्थिति में होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अवसर है कि सभी अपने घरों में 22 जनवरी को दीपावली मनाकर अपने उल्लास और उत्साह को आत्मसात कर जीवन को धन्य बनायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में हितग्राहियों को सांकेतिक रुप से हितलाभ वितरित किये। उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत कुमारी कासमी और पायल को बचत प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में अभिलाषा, नीतू और शोभावती को स्वस्थ बालक प्रतियोगिता में, निशा और हरदीप सिंह को उज्जवला योजना में, सुनीता, प्रतिमा, प्रमिला को निःशुल्क गैस कनेक्शन, आजीविका मिशन में सिद्धबाबा महिला स्व-सहायता समूह और अंबेडकर स्व-सहायता समूह पिण्डरा को सीसीएल के रुप में 5-5 लाख रुपये के चेक तथा सुग्रीव सिंह को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव को कृष्णा पांडेय और क्षेत्रीय किसानों ने हल भेंट किया। मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह के रुप में राम दरबार की प्रतिकृति मूर्ति और महिला स्व-सहायता समूह द्वारा बनाये गये चित्र तथा उत्पाद भेंट किये। मुख्यमंत्री ने बालिकाओं को स्कूल बैग और अन्य उपहार भी वितरित किये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, पूर्व राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल, विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, विधायक विक्रम सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुश्री सुष्मिता सिंह, पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी के हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने पर स्थानीय लोक नर्तकों ने लोक नृत्य करमा से स्वागत किया।

# कूनो में एक और चीते की मौत, नामीबिया से आए शौर्य ने तोड़ा दम



श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में मंगलवार को एक और चीते की मौत हो गई। नामीबिया से लाए गए चीता शौर्य ने दोपहर 3.17 बजे दम तोड़ दिया। इससे पहले चीतों की मॉनिटरिंग कर रही टीम ने सुबह 11 बजे जब उसे देखा तो वह अचेत हालत में था। टीम ने उसे ट्रैंकुलाइज कर सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) दिया। कुछ देर बाद उसे होश आया लेकिन कमजोरी बहुत थी।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद शौर्य की मौत के कारण का खुलासा होगा। कूनो में अब तक 7 चीते और 3 शावक मिलाकर यह 10वीं मौत है। यहां प्रोजेक्ट चीता के तहत सितंबर 2022 में 8 चीतों को नामीबिया से लाया गया था। इसके बाद फरवरी 2023 में 12 और चीतों को दक्षिण अफ्रीका से लाया गया था। चीता शौर्य अपने सगे भाई गौरव के साथ आया था। दोनों हमेशा एक साथ रहते थे, साथ शिकार करते थे। कुछ समय पहले दोनों की अग्नि और वायु चीते से भिड़ंत हुई थी। वे दोनों भी सगे भाई थे। इसमें अग्नि गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके बाद चीतों को बाड़े में बंद कर दिया गया था।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478